तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 21.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

रायपुर, शनिवार 22 फरवरी 2025

11 4 माह की बच्ची को मिले माता-पिता बैतूल के...



13 सीएम साय के जन्मदिन पर नेताओं-समर्थकों ने दी बधाई



# बैठक में परीक्षा समय को लेकर भिड़े प्राचार्य, कहा- क्या रात तक पर्चे ही लेते रहें?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा शुक्रवार को प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक एक मार्च से होने वाली वार्षिक परीक्षा और मूल्यांकन कार्य को लेकर आयोजित की गई थी। ऑनलाइन मोड में आयोजित इस बैठक में प्राचार्य वार्षिक परीक्षा के समय को लेकर दो फाड़ हो गए। रविवि ने कुछ दिनों पूर्व ही वार्षिक परीक्षा के समय में बदलाव किया है। इसे लेकर कुछ प्राचार्यों से आपत्ति जताई तो वहीं कुछ प्राचार्य इस निर्णय से असहमत दिखे। रविवि द्वारा पूर्व में जारी समय-सारिणी के अनुसार, प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 8 से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जानी थी।

बाद में इसमें बदलाव करते हुए प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 7 से 10 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 से 6 बजे तक आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। 10 से 3 बजे तक किसी भी तरह की परीक्षा आयोजित नहीं करवाने का निर्णय लिया गया, ताकि इस बीच प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं का संचालन किया जा सके। बैठक में प्राचार्यों के एक वर्ग का कहना था कि नए समय में परीक्षा देर शाम समाप्त होगी। इसके कारण उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल तैयार करने सहित अन्य कार्यों में रात हो जाएगी। वहीं एक वर्ग ने कहा कि नई समय-सारिणी के कारण प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं आयोजित करने पर्याप्त समय मिल सकेगा।

खास खबर

### परीक्षा कार्य में दोगुना खर्च

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत वार्षिक परीक्षा पद्धति को समाप्त कर सेमेस्टर परीक्षा पद्धति लागू कर दी गई है। इस कारण महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों को सैद्धांतिक परीक्षाओं सहित प्रायोगिक परीक्षाएं भी वर्ष में दो बार आयोजित करानी पड़ रही है। परीक्षाएं दो बार होने के कारण परीक्षा कार्य में होने वाला खर्च भी दोगुना हो गया है। रविवि द्वारा परीक्षा में खर्च होने वाली राशि महाविद्यालयों को प्रदान की जाती है। कॉलेजों ने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए एडवांस में पैसे देने की मांग की।

### रविवि ने परीक्षा व मूल्यांकन कार्य को लेकर आयोजित की थी प्राचार्यों की बैठक



- कुछ दिनों पूर्व ही बदला गया है वार्षिक परीक्षा का समय, एक मार्च से हैं पर्चे

### मोबाइल पर सख्ती

नकल सामग्री के रूप में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में मोबाइल छात्रों से जब्त किए जाते हैं। मोबाइल जब्त करने के बाद रविवि के पास सिफारिशों की बाढ़ आ जाती है। इसमें मोबाइल में अध्ययन सामग्री होने, संपर्क नंबर होने, निजी जानकारी होने सहित कई तरह की परेशानियां छात्रों द्वारा गिनाई जाती है। नकल प्रकरण का निराकरण होने के बाद ही जब्त सामग्री लौटाए जाने का प्रावधान है। ऐसे में रविवि द्वारा बैठक में प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सख्ती के साथ प्रवेश के वक्त छात्रों की जांच करें ताकि नकल सामग्री के रूप में छात्र इसका इस्तेमाल ना कर सकें। परीक्षा और मूल्यांकन कार्य संबंधित अन्य बिंदुओं पर भी इस दौरान चर्चा हुई।

## खबर संक्षेप

### बुलेट में मोडिफाई सायलेंसर 35 के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** अवैध तरीके से मोडिफाई सायलेंसर लगाकर बुलेट चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थानों की पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की है। अभियान के तहत 35 बुलेट जब्त कर ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों से पांच-पांच हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल करते हुए मोडिफाई सायलेंसर जब्त किए हैं।

### महिला के साथ मारपीट कर किया रेप

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक महिला ने मनीष गुरुदासानी के खिलाफ रेप तथा मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कोटा निवासी 36 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि मनीष उसका परिचित है। मनीष पर आरोप है कि उसने महिला के घर जबरन प्रवेश कर महिला के साथ मारपीट कर उसके साथ अनाचार किया।

उत्तरप्रदेश, ओडिशा से होती है आपूर्ति, महाशिवरात्रि के लिए किलों की दर में लोग करते है ऑर्डर

# महाशिवरात्रि पर 100 किलो भांग बिकने की आस, सूखा पत्ता 4 तो पाउडर 6 हजार रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भोलेनाथ का महापर्व 26 फरवरी को मनाया जाएगा। शिवरात्रि और होली में घरों तथा मंदिरों में होने वाली पूजा में ही नहीं, बल्कि ठंडाई और भोग में भी भांग मिलाया जाता है। इसे देखते हुए भांग दुकानों में कीमत जानने और बुकिंग के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। इस साल भांग के शौकीनों को गीला भांग 3 हजार रुपए किलों मिलेगा। वहीं भांग का सूखा पाउडर 6 हजार रुपए किलो बिकने वाला है। दुकान चलाने वालों को महाशिवरात्रि में ही 100 किलो भांग बिकने की आस है।

राजधानी में हर साल की तरह धूमधाम से महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। इसके लिए शिवालयों में तैयारी का दौर तेज हो गया है। भोलेनाथ को प्रिय भांग खरीदने के लिए लोग अभी से दुकानों में पहुंचने लगे हैं। इस बार आस्था के पर्व में भांग की डिमांड भी देखने को मिल

▶▶|शेष पेज 14 पर

अलग खबर

### पूजा में चढ़ाने के लिए पत्ते की मांग

दुकान कर्मियों ने बताया कि जो लोग महाशिवरात्रि में पूजा के लिए भांग खरीदने के लिए आते हैं, वे पत्ता खरीदने में रुचि लेते हैं। वहीं कुछ लोग घर में ही भांग को पिसने के बाद भगवान को भोग लगाने के

▶▶|शेष पेज 14 पर




**फैक्ट फाइल**

- 06 जगह शहर में भांग दुकानें
- 100 भांग बिकने की संभावना
- 3000 रुपए किलो गीला भांग
- 4000 रुपए किलो सूखा पत्ता
- 6000 रुपए किलो भांग पाउडर

**दुकानों में बढ़ने लगी पूछ-परख :** भांग दुकान चलाने वालों ने बताया कि उत्तरप्रदेश, ओडिशा से ज्यादातर भांग मंगाया जाता है। इसे खपत और आर्डर के हिसाब से ही दुकानों में रखा जाता है। गोलबाजार, रावांभाठा और टाटीबंध की दुकानों में लोग 250 ग्राम से 500 ग्राम तक गीला व पाउडर भांग खरीदने के लिए बुकिंग करवा रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी दुकानों में भांग की डिमांड ज्यादा होने से दिक्कत होती है। इसे देखते हुए महाशिवरात्रि पर आयोजन करने वाली समितियों एवं मंदिरों के लोग आर्डर करने लगे हैं।

### अच्छी क्वालिटी के लिए बुकिंग

शिवरात्रि से पहले लोग इसलिए भांग की बुकिंग करवाने और खरीदने पहुंच रहे हैं, ताकि अच्छी क्वालिटी मिले। भीड़ बढ़ने पर भांग की सही क्वालिटी दुकानदार इस्तेमाल नहीं करते हैं। ज्यादा शिकायत गीला भांग यानी पिसकर बेचने वालों के यहां होती है। इससे बचने के लिए भांग प्रेमी पहले दुकानों से खरीदकर इसे घर में रखते हैं, ताकि महाशिवरात्रि के समय उन्हें भीड़ का हिस्सा ना बनना पड़े। इसे देखते हुए लोग अभी से आबकारी विभाग द्वारा तय की गई दुकानों में आर्डर करने पहुंच रहे हैं।

# नहीं बन पाई रीजनल कनेक्टिविटी जगदलपुर-रायपुर की तरह अंबिकापुर-बिलासपुर फ्लाइट भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


छत्तीसगढ़ के भीतर दो शहरों को हवाई मार्ग से जोड़ने की योजना पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है। रायपुर-जगदलपुर की तरह अंबिकापुर-बिलासपुर-रायपुर के बीच सप्ताह में छह दिन चलने वाली फ्लाइट भी बंद हो गई है। 19 दिसंबर को शुरू हुई फ्लाइ बिग के इस एयरक्रॉफ्ट को पर्याप्त संख्या में यात्री नहीं मिल रहे थे। रायपुर-जगदलपुर की इंडिगो की उड़ान बंद होने की वजह भी कुछ ऐसी ही थी।

- दो शहरों के बीच संचालित होने वाली फ्लाइट को नहीं मिल पा रहे पर्याप्त यात्री

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को दूरवर्ती शहरों से जोड़ने और लोगों का सफर आसान करने के लिए फ्लाइट संचालित करने की योजना शुरू की गई थी। इसके तहत 19 दिसंबर

▶▶|शेष पेज 14 पर

### 19 दिसंबर को शुरू हुई थी फ्लाई बिग की उड़ान, रायपुर तक संचालित होती थी




### तकनीकी समस्या भी..

ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, फ्लाई-बिग तीनों शहरों के बीच 19 सीटर एयरक्रॉफ्ट का संचालन करती है। इसके संचालन को लेकर कंपनी के सामने विभिन्न तरह की तकनीकी समस्याएं आ रही थीं, इस वजह से इसे अभी आपरेट नहीं किया जा रहा है। रायपुर-जगदलपुर के बीच भी शुरुआती दौर में एयर ओडिशा अपने छोटे एयरक्रॉफ्ट को संचालित करती थी। उसका संचालन नियमित नहीं हो सका, जिसके बाद उससे विमान संचालन के लिए किया गया करार खत्म कर दिया गया था। बाद में एलायंस एयर इंडिगो ने इस सेक्टर में विमान संचालन की घोषणा की थी।




## श्री शिवम – 22 वर्षों का विश्वास, आपका साथ, हमारी पहचान!

आज का यह विशेष अवसर हमारे लिए सिर्फ एक सालगिरह नहीं, बल्कि आपके प्रेम, समर्थन और विश्वास का उत्सव है। श्री शिवम को 22 वर्षों की इस खूबसूरत यात्रा में आगे बढ़ाने का श्रेय आपको जाता है। आपकी पसंद, आपकी निष्ठा और आपकी प्रेरणा ने हमें भारत के सबसे विश्वसनीय फैशन ब्रांड्स में से एक बनने में मदद की। 22 साल पहले, श्री शिवम की नींव एक उद्देश्य के साथ रखी गई – हर भारतीय को बेहतरीन फैशन और गुणवत्ता का अनुभव देना। यह सिर्फ एक स्टोर नहीं, बल्कि परंपरा और भरोसे का प्रतीक बन गया।

### आपके विश्वास ने हमें बनाया एक प्रतिष्ठित ब्रांड

22 साल के इस सफर में हमें गर्व है कि श्री शिवम सिर्फ एक ब्रांड नहीं, बल्कि हर उम्र और अवसर के लिए एक फैशन डेस्टिनेशन बन चुका है। आपके समर्थन से हमने देशभर में नए आउटलेट्स खोले, हर नए ट्रेंड को अपनाया और बेहतरीन शॉपिंग अनुभव सुनिश्चित किया। आपकी हर मुस्कान और हमें लगातार बेहतरीन सेवा देने की प्रेरणा देता है।

### 22वीं वर्षगांठ पर, आपके लिए एक खास उपहार

आपके अटूट विश्वास और प्यार के लिए हम सिर्फ शब्दों से धन्यवाद नहीं कहना चाहते, बल्कि आपके लिए एक खास तोहफा भी लाए हैं। 22% की विशेष छूट! इस अवसर पर, हम अपने सभी ग्राहकों के लिए 11+11% तक की विशेष छूट लेकर आए हैं, ताकि आप अपनी पसंदीदा खरीदारी को और भी खास बना सकें।

### श्री शिवम परिवार की ओर से दिल से धन्यवाद!

आपका भरोसा, हमारा गर्व! आपके साथ ये 22 साल यादगार रहे, और हम चाहते हैं कि यह सफर आने वाले दशकों तक यूं ही चलता रहे। धन्यवाद, आपके साथ 22 साल – और आगे भी अनगिनत सालों तक!

- श्री शिवम परिवार

*Thank you for your Love & Support!*




EXCLUSIVE Anniversary OFFER
FROM 22nd TO 28th FEB
22% OFF
11% Instant and the next 11% will be redeemable in the month of March.

*This offer is valid on purchases of ₹10,000 and above and is applicable only to fresh articles.

CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE

SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE

**Raipur:** Beside Axis Bank, Jeevan Bima Marg, Pandri
**Durg:** Santra Badi, Station Road • **Bilaspur:** Agrasen Chowk, Link Road

NAGPUR • BHOPAL • JABALPUR • CHHINDWARA

MEN | WOMEN | KIDS WEAR

Follow us on shreeshivamclothing shreeshivm 7222955555 Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE


आसिफ भैय्या जी
को
जन्मदिन
की
हार्दिक शुभकामनायें
22 फरवरी
कृष्णा साहू
निलेश सोनी
युवा नेता

## खबर संक्षेप

### साउथ के नामचीन गायकों के गीत आज पेश करेंगे कलाकार

**रायपुर।** राजधानी के संगीत प्रेमियों के लिए शनिवार को स्थानीय मायाराम सुरजन हॉल रजबंधा मैदान में शाम 6 बजे से एक शाम साउथ के अनमोल रत्नों के नाम संगीत संध्या आयोजित है, जिसमें आरकेएम फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप के गायक कलाकारों एवं अतिथि गायक कलाकारों द्वारा दक्षिण भारत के ख्यातिलब्ध गायक केजे येसुदास, हरिहरन और एसपी बालासुब्रमण्यम के सुप्रसिद्ध गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम तुझे देखकर जग वाले" शीर्षक पर आधारित होगा। आयोजन में मुख्य अतिथि एएसपी डॉ. प्रशांत शुक्ला, विशिष्ट अतिथि तेलुगू समाज के प्रमुख जी. स्वामी होंगे। मंच संचालन समाजसेवी एलएन लाहोटी और न्यूज एंकर दिव्यांशी शर्मा द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुंबई से बॉलीवुड गायिका रायपुर निवासी ऐश्वर्या पंडित भी अपने सुरों से समां बांधने आ रही हैं।

## निधन

### केफन बाई वर्मा

**रायपुर।** ग्राम मलौद धरसींवा निवासी केफन बाई वर्मा (90) का 21 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम मलौद में किया गया। वे राजेंद्र वर्मा एवं नरेश वर्मा की माता तथा हरीश, महेश व गिरीश वर्मा की दादी थीं।



### शिवब्रत बर्धन

**रायपुर।** शंकरनगर निवासी स्टेट बैंक यूनियन के पूर्व उप महासचिव, शिवब्रत बर्धन का 19 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे शुभ्रा बर्धन के पति थे।



# 4 माह की बच्ची को मिले माता-पिता, बैतूल के दंपति ने लिया गोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक 4 माह की अभ्यर्पित बच्ची को नए माता-पिता की छाया मिल गई। मध्यप्रदेश राज्य के बैतूल निवासी एक दंपति ने इस नन्ही बच्ची को गोद लिया है। इस नन्ही बच्ची को बाल कल्याण समिति रायपुर को सौंपा गया था। इसके बाद से बच्ची की समिति ही पालन-पोषण कर रही थी। इस बच्ची को गोद लेने के लिए बैतूल निवासी एक दंपति ने केंद्रीय दत्तक ग्रहण स्रोत प्राधिकरण (कारा) के माध्यम से गोद लेने के लिए आवेदन किया था। इस आवेदन पर गोद की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार को बच्ची को दंपति के सुपुर्द किया गया। इस तरह एक अनाथ बच्ची को माता-पिता मिल गए, वहीं दंपति को भी संतान का सुख प्राप्त हुआ। बताया जा रहा है कि इससे पहले दंपति संतान विहीन थे, जिससे दोनों काफी दुखी थे। बच्ची के मिलने पर दंपति के जीवन में नई खुशहाली आ गई है।

महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर ने बताया कि केंद्र प्रवर्तित योजना मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल कल्याण समिति रायपुर में अभ्यर्पित 4 माह की बच्ची को एक दंपति ने गोद लिया है। इस दंपति ने बच्ची को गोद लेने के लिए कारा के माध्यम से आवेदन किया था। आवेदन के बाद बच्ची को गोद देने की सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्ची को बैतूल मध्यप्रदेश निवासी दंपति के सुपुर्द किया गया।

### बाल कल्याण समिति को सौंपी गई थी बच्ची

#### अब तक 19 बच्चे दिए गए है गोद, इनमें दो विदेश में

रायपुर जिले से अब तक 19 बच्चों को गोद दिया गया है। इनमें 17 बच्चों को छत्तीसगढ़ के अलावा कर्नाटक, दिल्ली, बेंगलोर, तेलंगाना मध्यप्रदेश, कोलकाता, पंजाब राज्य में जगह मिली। इसके अलावा 2 बच्चों को विदेश में रहने वाले दंपति को गोद दिया गया है। इनमें सिंगापुर और अलबामा यूएसए शामिल है।



#### गोद दिए बच्चों में 9 बालक एवं 10 बालिका

महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर अंतर्गत गोद दिए गए 19 बच्चों में 9 बालक एवं 10 बालिका हैं। विदेश में गोद लिए गए बच्चों में एक बालक एवं एक बालिका है।

# सस्पेंड सिपाही ने तलाक दिए बगैर किया दूसरा विवाह, महिला आयोग पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक सस्पेंड पुलिस कांस्टेबल ने अपनी पत्नी से तलाक लिए बगैर दूसरी महिला के साथ विवाह कर लिया। इस मामले की शिकायत पीड़ित महिला ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में की है। बताया गया कि आरोपी कांस्टेबल अपनी पत्नी से अक्सर विवाद कर मारपीट किया करता था, जिससे परेशान होकर उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद से वह सस्पेंड भी है, लेकिन सस्पेंड होने के बाद उसने सुधरना छोड़कर दूसरी महिला से विवाह कर लिया है। आयोग ने इस प्रकरण में आरोपी को फटकार लगाई कि पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरा विवाह नहीं कर सकता। यह कानूनी अपराध है। इस पर कांस्टेबल ने बताया कि उसके खिलाफ कोर्ट में चालान प्रस्तुत हो चुका है। आयोग ने इस पर कांस्टेबल को न्यायालय का नाम, पेशी की तारीख व ऑर्डरशीट के साथ आगामी सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।






### पुत्र का अपनी कमाई से करती है पालन-पोषण

शिकायतकर्ता महिला ने आयोग को बताया कि उसका विवाह 9 वर्ष पूर्व हुआ था तथा उसका 8 वर्ष का एक पुत्र भी है। पिछले ढाई वर्ष से वह अपने पति से अलग है तथा पुत्र के साथ रहती है। पार्लर का काम करके वह पुत्र का पालन-पोषण कर रही है। उसका पति कांस्टेबल है जो सस्पेंड है। वह उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया करता था, जिससे परेशान होकर उसने उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद से उसका पति सस्पेंड है।

### पत्नी और दूसरी महिला से कान पकड़कर माफी मांगी

आयोग ने एक अन्य प्रकरण में एक व्यक्ति को अपनी पत्नी पर जुल्म करने तथा दूसरी महिला को बदनाम करने के प्रयास के लिए कोर्ट के समक्ष पत्नी और दूसरी महिला से माफी मांगनी पड़ी। पीड़ित महिला ने शिकायत की थी कि उसका पति उस पर अत्याचार करता है।उसका दो वर्ष का पुत्र है। इसके बाद भी उसका पति एक दूसरी महिला से संबंध रखा हुआ है। सुनवाई के दौरान दूसरी महिला भी उपस्थित थी। उन्होंने आयोग को बताया कि आवेदिका का पति उसके कार्यालय आकर तंग कर उसे बदनाम कर रखा है। आयोग ने इसके बाद आरोपी को पत्नी और दूसरी महिला से कान पकड़कर माफी मंगवाई, साथ ही हिदायत भी दी कि भविष्य में अगर वह अपनी पत्नी पर किसी का अत्याचार करता है या दूसरी महिला को परेशान करता है, तो उसके खिलाफ दोनों महिलाएं एफआईआर दर्ज करा सकती हैं।

### *आयोग की समझाइश पर मां का मकान खाली करेगा बेटा*

*एक प्रकरण में एक महिला ने अपने बेटे और बहू पर बार-बार झगड़ा कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत की। इस शिकायत पर आयोग ने दोनों पक्षों की बातें सुनी। मां ने आयोग से मांग की कि उसके मकान के ऊपरी हिस्से में उसका बेटा-बहू रहते हैं। दोनों को वह अपने साथ रखना नहीं चाहती। मकान को किराए पर देकर वह अपना जीवन यापन कर लेगी। आयोग ने इस पर बेटे को समझाइश दी। इसके बाद बेटा भी मां का मकान 15 दिनों के भीतर खाली करने को तैयार हो गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य लक्ष्मी वर्मा तथा दीपिका शोरी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि उनकी अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर यह 304 वीं सुनवाई थी।*

# चोरी के दो अलग-अलग मामलों में 10 अरेस्ट, पांच आरोपी महाराष्ट्र के रहने वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चोरी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने चोरी का माल खपाने वाली दो महिला सहित 10 शातिरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में पांच महाराष्ट्र के शातिर शामिल हैं। पुलिस ने पुरानी बस्ती में चोरी के मामले में महाराष्ट्र के जिन पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है, उनमें से एक राजनांदगांव तथा चार नागपुर जेल में बंद थे।

भाठागांव, राधास्वामी नगर निवासी कमल साहू की शिकायत पर पुलिस ने महाराष्ट्र, नागपुर निवासी तन्मय मालेकर, आकाश नोनकर, राजेश झोरिंग, मानव उर्फ मन्या शेवारे, समीर उर्फ गबया देशमुख को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आदतन चोर हैं। शातिरों ने 20 दिसंबर की रात कमल साहू के सूने मकान में चोरी की थी। पुलिस ने शातिरों को घटना स्थल पर सीसीटीवी से मिले वाहन नंबर के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शातिरों के कब्जे से नकदी सहित तीन लाख 95 हजार रुपए कर माल बरामद किया है।

### पांच लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर के साथ कैश जब्त



### शातिर ने साथियों के साथ मिलकर की चोरी

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में 10 दिन पूर्व सूने मकान को निशाना बनाकर नकदी सहित डेढ़ लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने शातिर नकबजन शेख फैजान के साथ भावेश जगत, मुकेन्द्र ध्रुव उर्फ गब्बर, लक्ष्मी जगत तथा रूपा हरपाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों महिलाओं को चोरी का माल ठिकाने लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। शातिरों ने 11 फरवरी को सत्यनारायण माहेश्वरी के सूने मकान में चोरी की थी। आरोपियों को पुलिस ने घटना स्थल के पास मिले सीसीटीवी फूटेज से पहचान कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।








## एजूकेशन अपडेट

### इग्नू में री-रजिस्ट्रेशन की तारीख 28 तक वेबसाइट पर कर सकते हैं आवेदन

**रायपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि (इग्नू) की ओर से एडमिशन के पाठ्यक्रम के पंजीकरण की डेट बढ़ा दी गई है। इसमें पहले अंतिम तिथि 31 जनवरी थी, अब इसे बढ़ाकर 28 फरवरी कर दिया है। इसमें दोबारा पंजीकरण मास्टर्स, बैचलर्स, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कार्यक्रमों की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। इच्छुक आवेदक ऑनलाइन लिंक https:// ignouadmission.samarth.edu.in/ के माध्यम से अपनी इच्छानुसार किसी भी मास्टर्स, बैचलर्स, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। जो इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर उपलब्ध हैं।




### एनटीपीसी में 400 पदों पर भर्ती

नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन की ओर से असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव के 400 रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती निकाली गई है, जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया 15 फरवरी से शुरू कर दी गई है। जो भी उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं, वे बिना देर किए तुरंत ही एनटीपीसी की ऑफिशियल वेबसाइट ntpc.co.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक का उपयोग करके भी फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन की लास्ट डेट 1 मार्च 2025 तय की गई है।

## सिटी लाइव

### ब्लैक बोर्ड पर जन्म नियंत्रण का गणित, कुत्ते-बिल्ली की नसबंदी जरूरी




**रायपुर।** विश्व स्पे डे से पहले मरीन ड्राइव मोर रायपुर स्टैंड के पास ब्लैक बोर्ड सजा देखकर लोग यह जानने के लिए पहुंच रहे थे कि आखिर यहां क्या हो रहा है? वहां पशुप्रेमी कुत्ते-बिल्लियों को बचाने के साथ ही उनके इलाज के लिए किस तरह का प्रयास करें, यह समझाने बोर्ड सजाने के साथ युवा अलग ही तरह के गेटअप में नजर आए। 25 फरवरी को जहां विश्व स्पे डे मनाया जाएगा। वहीं इससे पहले पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया और वीगन ऑफ छत्तीसगढ़ के समर्थक बिल्ली और कुत्ते के रूप में कपड़े पहनकर खड़े थे। वहीं पशु प्रेमियों ने कहा कि उनका जीवन बचाना सभी की जिम्मेदारी है। ब्लैक बोर्ड सजाकर लगाई गई क्लास में पप प्रोफेसर और किटी ट्यूटर ने बताया कि पशुओं की नसबंदी से उनके जीवन में स्वास्थ्य से जुड़ी दिक्कतें कम होगी।

### दुख- दर्द सहने के लिए मजबूर

पेटा इंडिया की मैनेजर ऑफ वीगन और कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट्स डॉ. किरण आहूजा ने बताया कि हर साल लाखों कुत्ते और बिल्लियां सड़कों पर दुख-दर्द सहने के लिए मजबूर होते हैं। शेल्टरों में बिना प्यार व देखभाल के अकेले पड़े रहते हैं, क्योंकि उनको अपनाने वाले घर नहीं हैं। पेटा इंडिया पशु प्रेमियों से आग्रह करता है कि वे इन अनगिनत पशुओं के जन्म को रोकने में मदद करें, ताकि समस्या का सामना करने वे इस दुनिया में न आएं। सामुदायिक नसबंदी के प्रयासों का समर्थन करें। कुत्ते, बिल्ली को हमेशा शेल्टर से गोद लें।

## सिटी इवेंट

### ई-बैंकिंग फ्रॉड से बचने न करें सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में 6 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को दो सत्र में व्याख्यान का दौर चला। यह कार्यक्रम भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और पं. द्वारिका प्रसाद शुक्ला भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है। पहले सत्र में व्याख्याता डॉ. पंकज शर्मा शामिल हुए, जिन्होंने 'एडवांस डिवाइसेज फैब्रिकेशन टेक्नोलॉजी' विषय पर चर्चा करते हुए कहा, फैकल्टी डेवलपमेंट में एडवांस डिवाइसेस की जानकारी फायदेमंद साबित होती है। अधिक जानकारी से विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में विस्तर से चर्चा की जा सकती है। कार्यक्रम में व्याख्याता डॉ. आर. प्रियदर्शी द्वारा सीक्वेंशियल सर्किट डिजाइन और ऑप्टिमाइजेशन तथा सिमुलेशन विषय पर चर्चा की गई।

### एडवांस डिवाइसेज फैब्रिकेशन पर चर्चा

दूसरे सत्र में डॉ. डीके यादव ने साइबर सुरक्षा के महत्व पर दर्शकों का ध्यान केंद्रित करते हुए कहा, वर्तमान समय में साइबर क्राइम के साथ फिशिंग, रैंसमवेयर और मेलवेयर जैसे अन्य समस्याएं भी लोगों से सुनने को मिलती हैं। साइबर संबंधित खतरों से निपटने के लिए एंटीवायरस सॉफ्टवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम का प्रयोग कर सकते हैं। साथ ही फिशिंग ई-मेल से सावधान रहने की बात कही। इन दिनों ई-बैंकिंग सुविधा लोगों की पहली पसंद बन गई है, रुपयों के लेन-देन करते वक्त केवल निजी कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन का उपयोग करें। सार्वजनिक कंप्यूटर और वाई-फाई से बचें, इसका अधिकतर प्रयोग बैंकिंग फ्रॉड के लिए किया जाता है, जिससे लोगों की सभी जानकारियां दूसरे व्यक्ति तक पहुंच सकती हैं।

## होली पर हर्बल गुलाल तैयार करने स्वसहायता समूह की महिलाओं ने शुरू किया काम

# मंदिर के फूलों से बनाएंगे गुलाल, गुलाब, लाल भाजी, पालक, महुआ और सिंदूर का इस्तेमाल

**होली में इस बार भी बिना केमिकल वाले हर्बल गुलाल बाजार में छाए रहेंगे। रंगों के त्योहार में अभी महीनेभर का समय बचा हुआ है, लेकिन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिलाएं हर्बल गुलाल बनाने जुट गई हैं। गोठानों में फूलों को सुखाने और गुलाल तैयार करने का क्रम शुरू हो चुका है। शहर के मंदिर और मंत्री बंगलों से सालभर एकत्र किए फूलों से गुलाल तैयार किया जा रहा है।**

**रायपुर।** कृषि विवि के विज्ञान केंद्र और स्वसहायता समूह की महिलाएं इस बार नए तरह के रंग तैयार करने फूलों के साथ सब्जियों का भी इस्तेमाल कर रही हैं। हरिभूमि ने होली की तैयारी को लेकर समूह की महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं ने बताया, हर्बल गुलाल का आर्डर इस बार पिछले साल से अधिक है। अभी 300 किलो से भी अधिक ऑर्डर मिल चुका है। बाजार में गुलाल की बिक्री के लिए अभी ऑर्डर आना बाकी है। सेरीखेड़ी में बिहान समूह मंदिरों के फूलों से गुलाल बनाएगा। समूह से जुड़े किशोर ने बताया कि सालभर तक गुलाब को एकत्र कर सुखाया गया था, अब इसका ही रंग बनाएंगे।



### मेहंदी से गुलाल को बना रहे सुगंधित

गोकुल नगर गोठान में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने हर्बल गुलाल बनाना शुरू कर दिया है। गोठान के रितेश अग्रवाल ने बताया कि पर्व से पहले 250 किलो हर्बल गुलाल का आर्डर मिल चुका है, जिसे तैयार करने महिलाएं जुट चुकी हैं। इस बार हरे रंग का गुलाल बनाने पालक तो वहीं लाल के लिए लालभाजी और पीले रंग के लिए हल्दी का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके अलावा कत्था, सिंदूर, पलाश के फूल और मेहंदी से गुलाल को सुगंधित बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि कोरोना के बाद से छत्तीसगढ़ में हर्बल गुलाल की डिमांड बढ़ी है। अब हर वर्ग के लोग हर्बल गुलाल खरीदना पसंद कर रहे हैं, ताकि त्वचा को नुकसान न पहुंचे।



### 10 से 100 रुपए तक मिलेगा हर्बल गुलाल

बाजार में इस बार 10 रुपए का भी हर्बल गुलाल मिलेगा। बेमेतरा के स्वसहायता समूह की महिलाएं भी हर्बल गुलाल बनाने में जुटी हैं। समूह की सदस्य ममता साहू ने बताया कि पिछले साल होली में 150 किलो तक हर्बल गुलाल बनाया था। इस बार 200 किलो की मांग आई है। उन्होंने बताया कि अब फूलों के अनुसार गुलाल मिलेंगे। महुआ, गेंदा, सेवंती, मोंगरा के 10 से 100 रुपए तक के पैकेट बनाए जा रहे हैं। नर्सरी से खुशबूदार फूलों से महंगे गुलाल भी तैयार हो रहे हैं। इसकी कीमत 200 रुपए तक है। पिछले साल की तुलना में इस बार हर्बल गुलाल अधिक मात्रा में बना रहे हैं। यह हर्बल गुलाल पालक भाजी, लालभाजी, हल्दी, जड़ी-बूटी व फूलों की पत्तियों को सुखाकर प्रोसेसिंग यूनिट में पीसकर तैयार किया जाता है।



### सबसे अधिक दंतेवाड़ा में

हर्बल गुलाल सबसे अधिक दंतेवाड़ा में तैयार किया जा रहा है। पांच साल पहले हर्बल गुलाल की शुरुआत यहीं से हुई थी। कृषि विज्ञान केंद्र में लगभग पांच साल से स्वसहायता समूह की महिलाओं को हर्बल गुलाल बनाने के लिए ट्रेंड किया जा रहा है। हर सीजन में वे लगभग 4 लाख रुपए का गुलाल बेच लेती हैं। एक किलो गुलाल बनाने में 70 से 80 रुपए खर्च आता है और इसे 400 रुपए किलो में बेचा जाता है। इस तरह लगभग 300 रुपए प्रति किलो की बचत हो जाती है। प्रभारी ने बताया कि सिर्फ आरारोट खरीदना पड़ता है। आरारोट खरीदकर उसका पाउडर बनाते हैं और उसमें भाजी व अन्य चीजों को गर्म कर मिलाते हैं। फिर गुलाल तैयार हो जाता है। इसमें हमें छोटी मिक्सर मशीन और गेहूं पीसने वाली मशीन की जरूरत पड़ती है।

# असम की बस्तियों में महक रही छत्तीसगढ़िया संस्कृति की खुशबू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की संस्कृति सहज और सरल है और यहां के लोग अपने पारंपरिक रीति-रिवाजों तथा मान्यताओं का पालन करते हुए जीवनयापन में विश्वास रखते हैं। विश्व मातृभाषा दिवस के मौके पर प्रेस क्लब के सभागार में छत्तीसगढ़ी राजभाषा मंच द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर असम राज्य से पांच छत्तीसगढ़िया साहू समाज के लोग शामिल हुए, जिन्होंने छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा पर प्रकाश डाला। असम से पहुंचे कमल प्रसाद साहू, कैलाश साहू और मीरा बाई साहू ने संगोष्ठी के दौरान छत्तीसगढ़ी बोली में अपना परिचय दिया और अपनी संस्कृति पर चर्चा की। असम के छत्तीसगढ़िया समाज के लोगों ने बताया कि हम सभी साहू समाज के सदस्य हैं और असम में रहने के बावजूद हमारी संस्कृति और बोली से हम अंजान नहीं हैं। असम में शंकर देव, तेली बस्ती, धनवान बस्ती जैसे स्थानों पर 70 प्रतिशत लोग छत्तीसगढ़िया बसते हैं।




### असम में भी राजीव लोचन मंदिर

*कैलाश साहू ने बताया कि हमारे परिवार के सदस्य पिछली तीन पीढ़ियों से असम में रह रहे हैं। 200 साल पहले चाय बागान और रेललाइन निर्माण का काम करने के लिए हमारे पूर्वज असम पहुंचे थे। असम में बसे छत्तीसगढ़ी परिवार राजीवलोचन भगवान की पूजा करते हैं और वहां चार भव्य राजीव लोचन मंदिर हैं। यह पहला अवसर है, जब हमें छत्तीसगढ़ आने का मौका मिला। कमल प्रसाद साहू ने बताया कि हमारी आय का प्रमुख साधन खेती है। असम में जन्म लेने के बावजूद हमारी बोली छत्तीसगढ़ी है और हम हमेशा अपनी मातृभाषा में बात करना पसंद करते हैं।*

**200 साल से वहां बसे परिवार छत्तीसगढ़ी परंपरा को रखे हुए हैं जीवित**

**असम राज्य से आए छत्तीसगढ़िया साहू समाज ने संगोष्ठी में अनुभव किए साझा**

### दूसरे राज्य में छत्तीसगढ़ी संस्कृति का बोलबाला

मीरा बाई साहू ने बताया कि हमारा परिवार लंबे समय से असम में रह रहा है, लेकिन वहां भी हम छत्तीसगढ़ी संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों का पालन करते हैं। हरेली, होली, तीजा-पोरा, गौरा-गोरी, गणेश चतुर्थी, चैत्र नवरात्रि जैसे पर्वों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी रीति-रिवाज से शादी होती है, जिसमें विवाह के लोकगीत भी गाए जाते हैं। यहां पहुंचते ही हमने राजीवलोचन मंदिर के दर्शन किए और प्रदेश की संस्कृति को समझने की इच्छा जताई, ताकि आने वाली पीढ़ी को इसका ज्ञान दे सकें। छत्तीसगढ़ की यात्रा यादगार रही, अपने लोगों के साथ बातचीत से हमें आनंद महसूस कर रहे हैं।

# उमंग उत्सव के टैलेंट को मिला सम्मान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कार भी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में उमंग उत्सव के अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में परीक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र सम्मानित हुए, साथ ही उत्सव में भाग लेने वाले विजेता छात्रों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री-विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा का अभाव था, और इस महाविद्यालय का स्थापना एक सुखद कदम है। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा कि "हमने परीक्षा ली, जैसे हर गुरु करता है और अब यह समय पुरस्कार का है। हमारे नारे संकल्प, साधना, समर्पण के अनुरूप ही हमने कार्यक्रम को सफल बनाया।" उन्होंने खेलों के महत्व पर भी बात करते हुए कहा कि खेल में हार नहीं होती,



क्योंकि हम कुछ न कुछ सीखते हैं। छात्रों की मेहनत और प्रतिभा की सराहना प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता है। हम छात्रों को बेहतर सुविधाएं और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हैं। महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. यूलेन्द्र कुमार राजपूत ने स्वागत भाषण में छात्रों की मेहनत और प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि छात्र इसी तरह सफलता की ओर बढ़ते रहेंगे। इस अवसर पर अग्रसेन शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष अजय दानी और छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल भी उपस्थित थे।

## आईआईएम के जश्न ए नज्म मुशायरे में देश के दिग्गज शायरों ने की शिरकत

# उलझे-उलझे हैं दिल सुलझाओ, सिद्ध सरल गीत हो जाएंगे...

**कार्नर न्यूज**

भारतीय प्रबंध संस्थान के मिराई उत्सव के दौरान शुक्रवार शाम को जश्न ए नज्म मुशायरे में देशभर से नामचीन शायरों और कवियों ने शिरकत की। इस मुशायरे की टैगलाइन 'एक शाम खुद से रूबरू होने के नाम' थी। जैसे ही ऑडिटोरियम में वसीम बरेलवी, अजहर इकबाल, जुबैर अली ताबिश, अमन अक्षर, कुशल दौनेरिया, मनु वैशाली और राहुल कुमार राजपूत ने अपनी कुर्सियों से उठकर स्वागत किया तो एक जबरदस्त माहौल बन गया।

**रायपुर।** अजहर इकबाल ने मंच का शानदार शायराना और मजाकिया अंदाज में संचालन किया। आगाज-ए-मुशायरा करते हुए युवा शायर अली रुमानी ने 'तुम आ रहे हो ना' नज्म पढ़कर महफिल में समां बांध दिया। अली की नज्म 'हुए कहते हैं हवा इत्र घोलकर खुशबू कर दिया' श्रोताओं की वाहवाही बटोरने में सफल रही।





*मुशायरे में शायरों ने बांधा समां, प्रेम की नज्म पर छलके आंसू*

### मेरी बेटी भी हाथों से निकल जाए

कुशल दौनेरिया जैसे ही 'मेरे होठों पर सिगरेट नहीं होती थी, उसकी मांग में सिंदूर नहीं होता था,' शेर पढ़ते हैं, श्रोता तालियों की गड़गड़ाहट से ऑडिटोरियम को गुंजायमान कर देते हैं। मुशायरे में कुशल ने 'यहां तुम रुतबा देखना हमारा, हमारी रेत दरिया हमारा, किसी को कल पिताजी कह रहे थे, मोहब्बत लड़का खा गई हमारा' सुनाते हुए श्रोताओं की वाहवाही लूटी। इसके बाद कुशल ने ' पढ़ाने का अगर मतलब है हाथों से निकल जाना, खुदाया फिर मेरी बेटी भी हाथों से निकल जाए' शेर पढ़ा, जिसे सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

### शायरी ने किया भावुक

कवि रोहित राजपूत ने अपनी प्रस्तुति से महफिल में हंसी का तड़का लगाया। उन्होंने कहा, 'इस तरह से सियासत का हल कर दिया, मैंने उसके हाथ को कमल कर दिया,' इस पर श्रोताओं ने जोरदार ठहाका लगाया। इसके बाद रोहित ने मार्मिक पंक्तियां पढ़ी और कहा, 'मैं जब घर से निकलता हूं, मेरी मां मुस्कुराती, वो हंसकर अपने आंसू छिपाती है,' जो सभी को भावुक कर गया।

### श्रोताओं के दिल तक पहुंची बात

इसक अलावा मनु वैशाली ने 'उलझे उलझे हैं दिल सुलझाओ सिद्ध सरल गीत हो जाएंगे, अंकगणित के प्रश्नों जैसे हैं हल हो जाएंगे' गीत गाया। इस पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोग खुशी से झूम उठे। उसके बाद मशहूर शायर जुबैर अली ताबिश ने आते ही समां बांधकर रख दिया। मोबाइल शेर पढ़ते हुए ताबिश कहते हैं "हैलो सुनते ही कट कर दिया उसने मेरा फोन, खुदा का शुक्र आवाज तो पहचानता है " इन शेरों को पढ़ने के बाद लोगों ने तालियों से जुबैर का स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### अपर आयुक्त ने ली अधिकारी कर्मचारियों की बैठक

**रायपुर।** नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटीक ने निगम अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपनी सेवापुस्तिका की डुप्लिकेट कॉपी बनवाकर अपने पास सुरक्षित रखें एवं नामाकंन की कार्यवाही अनिवार्य रूप से कराकर उसकी प्रति मूल सेवापुस्तिका में संलग्न कराएं तथा उसकी फोटोकॉपी अपने रिकार्ड में सुरक्षित रखें, ताकि आकस्मिक स्थिति में दावा भुगतान प्रकरण में असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रभारी अपर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम मुख्यालय में सामान्य प्रशासन विभाग एवं वित्त विभाग में शीघ्र प्रक्रिया के तहत प्रकरण तैयार पर स्कैनर मशीन मंगाकर लगवाई जाएगी, ताकि व्हाउचर बिलों को स्कैन कर रिकार्ड सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपनी समस्याएं बताने एवं उसका नियमानुकूल शीघ्र समाधान प्राप्त करने में सहभागी बनने का अनुरोध किया।

### कैबिनेट की बैठक आज बजट प्रस्ताव पर लगेगी मुहर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 22 तारीख को राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक रखी गई है। इस बैठक में राज्य सरकार के नए बजट 2025-26 के प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। सरकार के वित्त विभाग ने लंबी कवायद के बाद नए बजट का प्रारूप तैयार किया है। कैबिनेट की बैठक में प्रस्तावों पर विचार करने के बाद प्रस्तावित बजट को मंजूरी दिए जाने का प्रावधान है। दूसरी ओर विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। इस सत्र के पहले ही नए बजट को कैबिनेट की मंजूरी दी जानी है। इसके बाद सत्र के दौरान बजट पेश किया जाएगा। यह संभावना भी है कि कैबिनेट की बैठक में ही बजट पेश करने की तारीख भी तय होगी। संभावना है कि सरकार का नया बजट 3 मार्च को पेश किया जा सकता है।

### सांसद बृजमोहन ने नए पार्षदों से की मुलाकात

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्हें जीत की बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। भेंट करने वालों में संतोष साहू, प्रदीप वर्मा, रमेश सपहा समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि ये सभी पार्षद अपने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे और जनता की सेवा में तत्पर रहेंगे।

### खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर आज पुष्पांजलि कार्यक्रम

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में शनिवार को डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे शहर के जीई मार्ग पर नवीन मार्केट फूल चौक के समीप स्थित डॉ. बघेल की मूर्ति के समक्ष आयोजित किया जाएगा। इस दौरान निगम संस्कृति विभाग एवं जोन-4 के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# पैसों के खर्च का हिसाब कराया पर काम का पैसा नहीं दिया, निकायों पर ऑडिट का पौने 16 करोड़ बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के कामकाज के तौर-तरीकों को लेकर एक दिलचस्प मामला सामने आया है। दरअसल नगरीय निकायों को मिलने वाले राजस्व कर, सरकारी अनुदान आदि मद में मिलने वाली राशि का हर साल हिसाब-किताब करवाया जाता है। यह काम राज्य सरकार के वित्त विभाग से संबंधित राज्य संपरीक्षा (ऑडिट) द्वारा किया जाता है। इस काम के लिए बाकायदा शुल्क तय है। काम पूरा होने के बाद निकायों को यह शुल्क राज्य संपरीक्षा को देना होता है, लेकिन छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने बरसों से इस काम के पैसे अदा नहीं किए हैं। यह राशि पौने 16 करोड़ रुपए से अधिक होती है। राज्य संपरीक्षा ने अब निकायों से यह राशि अदा करने कहा है।

## निकायों ने बरसों से अदा नहीं की है ऑडिट फीस

### बरसों से अदा नहीं किया गया है शुल्क

संचालनालय संपरीक्षा ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक को बताया है कि पिछले साल नवंबर 2024 की स्थिति में निकायों पर 15 करोड़ 75 लाख, 72 हजार, 278 रुपयों का बकाया है। लेकिन ये राशि बरसों से अदा नहीं की जा रही है। राज्य संपरीक्षा ने जो ब्योरा भेजा है उससे पता लगता है कि कई निकायों ने 10-15 साल से राशि अदा नहीं की है। इनमें सबसे ज्यादा राशि नगर निगमों का 11 करोड़ 59 लाख, पालिकाओं की 2 करोड़ 35 लाख और नगर पंचायतों की 1 करोड़ 80 लाख से अधिक की है।


गबन, वित्तीय गड़बड़ी सामने आती है ऑडिट से

### वित्तीय गड़बड़ी पकड़ता है राज्य संपरीक्षा

राज्य संपरीक्षा (ऑडिट) विभाग छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा अधिनियम के अधीन अंकेक्षणाधीन घोषित समस्त स्थानीय निकायों का अंकेक्षण का काम करता है। ऐसी सभी संस्थाओं का अंकेक्षण कार्य संपादित करना जिनके अंकेक्षण किसी ऐसे अधिनियम द्वारा या उसके अधीन, जिसके अनुसार ऐसी संस्थाओ का गठन किया गया हो। ऐसे सभी स्थानीय प्राधिकरणों तथा निगमित और गैर निगमित निकायों के लेखाओं के अंकेक्षण के अतिरिक्त राज्य संपरीक्षा को, राज्य शासन के वित्त विभाग की पूर्व स्वीकृति पर, ऐसी किसी भी अन्य संस्थाओं के लेखाओं का अंकेक्षण करना होता है जो शासन द्वारा समय-समय पर सौंपी गयी हो। छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा द्वारा किये जाने वाले अंकेक्षण कार्य के आधार पर स्थानीय निकायों पर अंकेक्षण शुल्क आरोपित कर वसूली करना भी एक काम है, लेकिन इसके साथ ही निकायों के अंकेक्षण कार्य के बात समक्ष आई वित्तीय अनियमितताओं को संकलित कर अंकेक्षण प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित निकाय एवं उनके प्रशासकीय विभागों की ओर वित्तीय अनियमितताओं को दूर करने के उद्देश्य से प्रतिवेदन प्रसारित करना। गबन (प्रभक्षण) वित्तीय कदाचार आदि के प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही हेतु विशेष प्रतिवेदन निकाय एवं उनके प्रशासकीय विभाग की ओर प्रेषित करने का काम इस विभाग का है।

### संचालक को भेजा गया पत्र

इस मामले को लेकर संचालनालय, छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा ने संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास को पत्र भेजकर बकाया अंकेक्षण(ऑडिट) शुल्क अदा करने कहा है। इस पत्र में कहा गया है कि राज्य के नगरीय निकायों के अंकेक्षण का काम छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा के द्वारा किया जाता है। अंकेक्षण के बाद राज्य संपरीक्षा अधिनियम 1973 की धारा 4(3) के तहत निकायों पर अंकेक्षण शुल्क अधिरोपित किया जाता है। यह अंकेक्षण शुल्क शासकीय कोष में जमा कराया जाता है।

## मुख्यमंत्री निवास पर सुबह से रात तक मिलने वालों का लगा रहा तांता

# सीएम साय के जन्मदिन पर नेताओं-समर्थकों ने दी बधाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर उनको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा सहित सभी केंद्रीय मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय नेता, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपालों, प्रदेश के राज्यपाल रमन डेका ने भी एक्स पर ट्वीट करके बधाई दी।

मुख्यमंत्री साय ने इन नेताओं का एक्स पर पोस्ट करके आभार भी जताया है। इधर प्रदेश के सभी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और प्रदेश भाजपा संगठन के नेताओं ने भी मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी है। मुख्यमंत्री निवास में उनसे मिलने के लिए सुबह से लेकर रात तक तांता लगा रहा।

मुख्यमंत्री श्री साय को देश पर के दो सौ से ज्यादा नेताओं ने एक्स पर ट्वीट करके बधाई दी है। इसी के साथ मुख्यमंत्री निवास में उनसे मिलकर प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक और सांसदों ने मिलकर या फिर फोन करके बधाई दी है। इसी के साथ प्रदेश भाजपा संगठन के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी मिलकर बधाई दी। भाजपा के प्रदेश भर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री निवास में रात तक पहुंचते रहे और मुख्यमंत्री से मिलकर उनको बधाई दी।

### बगिया में श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन

मुख्यमंत्री साय ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में परिवारजनों और भक्तों के साथ श्री सत्यनारायण व्रत कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर उनकी माता श्रीमती जसमनी देवी, धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय, परिवार उपस्थित थे। कथा के समापन के पश्चात मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने प्रियजनों द्वारा लाए गए जन्मदिन के केक को सर्वप्रथम अपनी माता श्रीमती जसमनी देवी को अपने हाथों से खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आत्मीय संवाद किया और सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### सीएम ने बालिका गृह में बच्चियों के साथ मनाया जन्मदिन



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने जन्मदिन पर राजधानी रायपुर के खम्हारडीह स्थित शासकीय बालिका गृह पहुंचे, जहां बच्चियों के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बच्चियों ने मुख्यमंत्री से को उनके जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संदेश दिया कि समाज के हर वर्ग को खुशियों में शामिल करना ही सच्ची संवेदनशीलता और नेतृत्व की पहचान है। बच्चों की मासूम बातों और खिलखिलाहटों के बीच जन्मदिन का माहौल और भी भावनात्मक हो गया। इस अवसर पर बच्चियों ने मुख्यमंत्री से अपनी छोटी-छोटी इच्छाएं साझा कीं, जिनमें एक साउंड बॉक्स की मांग भी थी, जिसे उन्होंने तुरंत पूरा करते हुए बालिका गृह को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बालिका गृह में कंप्यूटर एवं वॉटर कूलर के लिए 10 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की।



### प्रयागराज महाकुंभ में डिप्टी सीएम शर्मा ने मनाया सीएम का जन्मदिन

प्रयागराज महाकुंभ में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ पवेलियन में महाकुंभ पहुंचे छत्तीसगढ़वासियों के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन केक काटकर हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायजी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की राह पर अग्रसर है। उनका जनसेवा के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। आज हम सभी ने उनके जन्मदिवस पर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की है। जन्मदिन समारोह के उपरांत श्रद्धालुओं को फल और नाश्ते का वितरण किया गया।

### विधायक पुरंदर ने दी जन्मदिन की बधाई



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर शुक्रवार को रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने सीएम हाउस पहुंचकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान रायपुर उत्तर विधानसभा के नवनिर्वाचित पार्षद एवं कार्यकर्ता भी साथ रहे। इस दौरान विधायक श्री मिश्रा ने उन्हें भगवान जगतनाथ के आशीर्वाद स्वरूप गमछा पहनाया और उन्हें गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं। श्री मिश्रा ने महाप्रभु जगन्नाथ से मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना भी की।

### आरती ग्रुप ने मनाया सीएम का जन्मदिन



रायपुर। आरती ग्रुप ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया। आरती ग्रुप के राजीव अग्रवाल, छगन मुंदड़ा, मनीष मंडल, राजीव मूंदड़ा एवं रिभु राज अग्रवाल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री के हाथों उनके जन्मदिन का केक कटवाया।

## भाजपा बोली

### अपराधी की जमानत पर कांग्रेस का जश्न शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने बलौदाबाजार हिंसा और अग्निकाण्ड के मामले में जेल में सात माह से बंद रहे कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव की शुक्रवार को जमानत पर रिहाई का जश्न मनाने को कांग्रेस का निकृष्ट और शर्मनाक राजनीतिक आचरण बताया है। श्री शर्मा ने कहा, अपराधियों का



इस तरह महिमा मण्डन करके कांग्रेस अपने नैतिक पतन की पराकाष्ठा का प्रदर्शन तो कर ही रही है, अपनी इन ओछी और घोर निंदनीय करतूतों से अपनी राजनीतिक कुंठा का परिचय भी दे रही है। कांग्रेस का आचरण बलौदाबाजार की हिंसा के मामले में चल रही जांच और न्यायिक प्रक्रिया की खुली अवहेलना भी है। श्री शर्मा ने कहा कि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण देना कांग्रेस के नेताओं की फितरत ही है और कांग्रेस का समूचा राजनीतिक इतिहास इस बात की गवाही देता है। कांग्रेस जब सत्ता में होती है तो ऐसे अपराधियों को पालती-पोसती है और सत्ता के संरक्षण में उनको तमाम गैरवाजिब करतूतों को अंजाम देने की खुली छूट देती है और जब सत्ता से अलग होती है तो इन्हीं अपराधियों के जरिए कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने और अराजकता फैलाने के अपने एजेंडे पर काम करने लगती है।

# किराएदारों के किफायती आवास के 170 ईडब्लूएस फ्लैट के लिए लाटरी जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम द्वारा किराएदारों के लिए किफायती आवास स्कीम में शहर के 4 विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित खाली पड़े 170 ईडब्लूएस आवास के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाये। इसमें कचना, दलदल सिवनी, सोनडोंगरी और मठपुरैना में निर्मित आवास शामिल हैं। नगर निगम चुनाव की आचार संहिता के कारण इन आवासों के आवंटन की लाटरी नहीं हो पायी। चुनाव के बाद अब गांधी सदन में जल्द लाटरी निकालकर पात्र हितग्राहियों को ईडब्लूएस आवास का आवंटन किया जायेगा।

दरअसल, मोर मकान मोर आस स्कीम के तहत रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले किरायेदारों को किफायती आवास उपलब्ध कराने निगम मुख्यालय ने आवेदन मंगाये। हितग्राहियों ने खुद के पक्के आवास का सपना सच करने निगम चुनाव से पहले प्रथम किस्त के रूप में 35 हजार रुपये पंजीयन राशि के रूप में जमा कराया। अब जल्द ही इन 170 पात्र हितग्राहियों का इंतजार खत्म होगा। इनमें कचना में निर्मित 99 ईडब्लूएस फ्लैट, दलदल सिवनी में 14, सोनडोंगरी में 2 और मठपुरैना में रिक्त 55 ईडब्लूएस फ्लैट शामिल हैं। इन आवासों के आवंटन के लिए लिए गांधी सदन में जल्द लाटरी निकाली जायेगी।



- निकाय चुनाव की आचार संहिता के कारण अटका था आवंटन
- हितग्राहियों ने 35 हजार रुपये की प्रथम किस्त कराई थी जमा

### 150 ईडब्लूएस फ्लैट के लिए 638 आवेदन

मठपुरैना साइट में रिक्त 150 ईडब्लूएस आवास आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाये गये। इसके लिए चार गुना से अधिक आवेदन प्राप्त हुये। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने हरिभूमि को बताया कि 1 मार्च से दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन शुरू होगा। इसके बाद पात्र हितग्राहियों की सूची बनाकर उन्हें सूचना दी जायेगी और पात्रता अनुसार लाटरी निकालकर आवास आवंटन की प्रक्रिया अपनाई जायेगी।

# पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में 81.22 प्रतिशत मतदान, लापरवाही पर कई सरकारी कर्मी नपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का दूसरा चरण पूरा हो गया है। इस दौर के लिए वोटिंग में कुल मिलाकर 81.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन चुनावों के लिए 85 हजार से अधिक प्रत्याशी मैदान पर थे। वोटों की गिनती सभी जगह पूरी हो चुकी है, लेकिन राज्य निर्वाचन आयोग ने अभी परिणाम जारी नहीं किया है। बताया गया है कि परिणाम संबंधी आंकड़ों का टेबुलेशन किया जा रहा है। दूसरे चरण के चुनाव के दौरान लापरवाही बरतने और निर्देश को दरकिनार करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### 85 हजार का हुआ फैसला

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण का चुनाव 20 फरवरी को संपन्न हुआ। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि द्वितीय चरण में राज्य के 43 विकासखण्डों में मतदान हुआ। 81 प्रतिशत से अधिक महिला एवं पुरूष मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस प्रकार राज्य में मतदान का औसत 81.22 प्रतिशत रहा। राज्य निर्वाचन आयोग के




अधिकारियों ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण में 20 फरवरी को पंच पदों के लिए 26 हजार 988, सरपंच के लिए 3 हजार 774, जनपद सदस्य के लिए 899 एवं जिला पंचायत सदस्यों के 138 पदों के लिए द्वितीय चरण में मतदान हुआ। पंच पद के 65 हजार 716, सरपंच पद के 15 हजार 217, जनपद सदस्य के 3 हजार 885 और जिला पंचायत सदस्य के 699 अभ्यर्थियों ने द्वितीय चरण में चुनाव लड़ा था। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि द्वितीय चरण के मतदान हेतु 9 हजार 738 मतदान केन्द्र बनाये गए। द्वितीय चरण के निर्वाचन हेतु कुल मतदाताओं की संख्या 46 लाख 83 हजार 736 है, जिसमें 23 लाख 17 हजार 492 पुरूष, 23 लाख 66 हजार 157 महिला एवं 87 अन्य शामिल हैं।

### चुनाव में लापरवाही, तीन निलंबित

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर जशपुर रोहित व्यास ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें प्रधान पाठक जुनास खलखो, पटवारी विजय कुमार श्रीवास्तव और व्याख्याता गणेश कुमार मंडल शामिल हैं। रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों के अनुसार, इन अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरती, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया प्रभावित हुई। प्रधान पाठक जुनास खलखो को पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था, लेकिन 19 फरवरी 2025 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, जशपुर में सामग्री वितरण के दौरान वे नशे की हालत में पाए गए। चिकित्सकीय जांच में इसकी पुष्टि होने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कांसाबेल कार्यालय में नियत किया गया।

### मतदाता सूची नहीं बनाई, पटवारी निलंबित

इसी तरह निर्वाचन कार्य के तहत फरसाबहार तहसील के पटवारी विजय कुमार श्रीवास्तव को मतदाता सूची की हार्ड कॉपी तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन उन्होंने बिना अनुमति के 70 दिनों तक अपने कर्तव्य से अनुपस्थिति दर्ज कराई।

## प्रदेशभर में अब हुकिंग से बिजली चोरी करने और अवैध कनेक्शन लेने वालों की खैर नहीं

# अवैध कनेक्शन, बिजली चोरों को स्मार्ट करंट

## फीडरों का लाइन लॉस 50 फीसदी तक घटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को लाइन लॉस से हर साल दो हजार करोड़ से ज्यादा का झटका लगता है, लेकिन अब स्मार्ट मीटरों के कारण इस पर लगाम लगाने का काम प्रारंभ हो गया है। प्रदेश में लग रहे स्मार्ट मीटर फीडरों के साथ ट्रांसफार्मरों में लगाए गए हैं। इनके लगने के बाद अब फीडरों की जांच में यह बात सामने आ रही है कि कहां कितना लाइन लॉस हो रहा है। इसकी जांच करने पर बिजली चोरी के साथ ही अवैध कनेक्शनों की जानकारी मिल रही है। इस पर कार्रवाई कर लाइन लॉस को कम किया जा रहा है। राजिम के एक फीडर में 50 फीसदी और राजधानी रायपुर के एक फीडर में 32 फीसदी तक लाइन लॉस कम हुआ है। प्रदेश में सभी पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, इसका प्रारंभ बीते साल पॉवर कंपनी के फीडरों के साथ ही ट्रांसफार्मरों से किया गया। इसी के साथ उपभोक्ताओं के भी मीटर बदले जा रहे हैं। जहां सभी फीडरों और ट्रांसफार्मरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहीं 11 लाख उपभोक्ताओं के भी पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। प्रदेश में 54 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाने हैं।



### कहां कितना लाइन लॉस कम

फीडरों और ट्रांसफार्मरों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद अब यह जानकारी सामने आ रही है कि फीडरों में कितनी बिजली की सप्लाई हो रही है और उपभोक्ताओं के घरों तक कितनी बिजली पहुंच रही है। ऐसे में यह अब आसानी से मालूम हो रहा है कि जितनी सप्लाई हो रही है, उससे उपभोक्ताओं की खपत कम है और बाकी बिजली चोरी हो रही है। ऐसे में जांच कर बिजली चोरों का पता लगाकर लाइन लॉस कम किया जा रहा है। अब तक सात फीडरों की जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक, राजिम के 11 केवी के फीडरों में 66 फीसदी लाइल लॉस हो रहा था, जिसको 51 फीसदी कम कर 15 फीसदी तक लाया गया है। इसी तरह से रायपुर सिटी एक के पीएचक्यू फीडर एक का लाइन लॉस 35 फीसदी से तीन फीसदी, पीएचक्यू फीडर दो का 11 फीसदी से सात फीसदी तय लाया गया है। बलौदाबाजार के देवरी फीडर में 18 फीसदी के लाइन लॉस को 13, बैकुंठपुर के एक फीडर के 21.88 फीसदी को 6 फीसदी और अंबिकापुर के कालोनी फीडर के 31.99 फीसदी लाइन लॉस को 9.16 फीसदी तक लाया गया है। लाइन लॉस का एक कारण पतला जंफर लगाया जाना भी पाया गया है। इन जंफरों को भी ठीक किया जा रहा है, ताकि लाइन लॉस कम हो सके और जितनी बिजली की सप्लाई फीडरों को रही है, वह पूरी उपभोक्ताओं तक पहुंच सके।

# धर्मांतरण संविधान की भावना के विपरीत : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धर्मांतरण के मुद्दे पर अपनी राय रखी है। उनका कहना है कि अशिक्षा, गरीबी, चंगाई या लोक-परलोक के नाम पर लोगों को बहकाकर, प्रलोभन देकर जबरन धर्म परिवर्तन कराया जाता है, तो यह न केवल अनैतिक है, बल्कि संविधान की मूल भावना के भी विरुद्ध है। श्री साय ने यह बात मीडिया से चर्चा के दौरान एक सवाल के जवाब में कही है।



श्री साय ने कहा कि कई ऐसे एनजीओ हैं, जो हेल्थ एजुकेशन के नाम पर विदेशी सहायता लेते हैं। हेल्थ एजुकेशन के नाम पर धर्मांतरण का खेल होता है। हमारा देश एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जहां हर व्यक्ति को अपनी इच्छा के अनुसार धर्म मानने की स्वतंत्रता है।

### बैज ने किया पलटवार

श्री साय के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार पर ही निशाना साधा है। उनका कहना है कि सरकार को यह नौटंकी



बंद कर अपना काम करना चाहिए। धर्म परिवर्तन आरक्षण के लिए अगर हो रहा है, तो सरकार क्या कर रही है ? इसे रोकने का काम सरकार का है। अगर वो कुछ नहीं कर पा रहे हैं, तो चूड़ी और साड़ी पहनकर बैठ जाए। उन्होंने ये भी कहा कि सबसे पहले वो यह बताएं कि प्रदेश में सबसे ज्यादा सालों तक किसकी सरकार रही है ? ये बताएं कि किसकी सरकार में सबसे ज्यादा धर्म परिवर्तन हुए हैं।

## खबर संक्षेप



### पंडोखर धाम पीठाधीश्वर का शिष्यों ने किया स्वागत

**रायपुर।** पंडोखर धाम पीठाधीश्वर गुरुशरण महाराज राजिम कल्प कुंभ में शामिल होने रायपुर पहुंचे, जहां उनके सैकड़ों शिष्यों ने बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। महाराजश्री राजिम कल्प कुंभ में छग शासन एवं मुख्यमंत्री के आग्रह पर पहुंचे हैं। राजधानी रायपुर में भक्तों ने गुरुशरण महाराज के साथ नीदरलैण्ड से पहुंचे संतश्री आनंद महाराज का पुष्पमाला पहनाकर एवं आरती उतारकर भव्य स्वागत किया। राजिम कुंभ कल्प पहुंचकर महाराजश्री ने पवित्र चित्रोत्पला गंगा महानदी सहित भगवान राजीवलोचन एवं श्री कुलेश्वर महादेव का पूजन-अर्चन कर दर्शन लाभ लिया। शिष्य मंडल के सदस्य राजेश पांडेय ने बताया कि राजिम मेले में पहुंचकर छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ अनेक धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। पंडोखर सरकार राजिम कुंभ में 21 से 26 फरवरी तक उपस्थित रहेंगे। दरबार स्थल पर नित्य भण्डारा प्रसादी का आयोजन किया गया है। उनके साथ टेकराम साहू, राजीव अवस्थी, विकास दुबे, राकेश अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, संतोष तिवारी, डॉ. नलिनी मढ़रिया सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

### संतश्री गजानंद महाराज का प्राकट्य महोत्सव मनाया



**रायपुर।** तात्यापारा स्थित संतश्री गजानन महाराज संस्थान रायपुर मे संतश्री के प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रतिवर्षानुसार गणेश याग का आयोजन किया गया। इस वर्ष के गणेश याग मे सम्मिलित आचार्य चारुदत्त जोशी, शैलेश चिंचोलकर, विवेक अमीन एवं आशीष पंडित, राजा भट्ट, यज्ञ के पुरोहित एवं यजमान हर्षल बल्लाल सपत्नीक यज्ञ के पहले सुबह संतश्री की शोडषोपचार पूजा, रुद्राभिषेक किया। कार्यक्रम पूर्ण भक्तिभाव से संपादित किया गया, गणेश याग व संतश्री के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही होती रही। कार्यक्रम में संतश्री गजानन महाराज संस्थान में रात 8 बजे सामूहिक महाआरती में महिलाओं ने एक समान वेशभूषा व सभी के हाथों में आरती की थाल के साथ अनेक भक्तजन उपस्थित थे। संतश्री के शोडषोपचार पूजन के उपरांत सुबह 10 बजे सत्यनारायण कथा का आयोजन तथा दोपहर 12 बजे महाआरती और दोपहर 1 बजे से महाप्रसाद भंडारा व भाजी भाकर का वितरण किया गया। 22 फरवरी को शाम 6 बजे संतश्री की पालकी यात्रा मंदिर से प्रारंभ होगी।

### प्राणघातक हमला, पांच आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर पांच बदमाशों को जानलेवा हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। दीपक वाधवानी उर्फ कालू की शिकायत पर पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोप में विक्रम सिंह ठाकुर उर्फ छोटू, लाला बेसरा, भोला जगत, गणेश बाघ, संतोष जगत को गिरफ्तार किया है।

**आम सूचना**

(खसरा नं. 505/3, प्लॉट नं. एन 1, रकबा 3600 वर्गफुट जो श्रीराम नगर फेस 2 अनुपम, सहकारी गृह निर्माण समिति शंकर नगर, रायपुर, पटवारी हल्का नं. 00063, रा.नि.मं. रायपुर-8- शंकर नगर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. के विक्रय के संबंध में)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री शिव शंकर अग्रवाल पिता श्री रुद्रनाथ अग्रवाल निवासी कुशालपुर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की निजी संपत्ति खसरा नं. 505/3, प्लॉट नं. एन 1, रकबा 3600 वर्गफुट, जो श्रीराम नगर फेस 2, अनुपम सहकारी गृह निर्माण समिति शंकर नगर, रायपुर, पटवारी हल्का नं. 00063, रा.नि.मं. रायपुर-8- शंकर नगर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. में स्थित है, को क्रय करने का सौदा किया गया है।

उक्त संपत्ति को विक्रय करने पर यदि किसी व्यक्ति संस्था सहकारी सोसायटी या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज मेरे कार्यलय में 07 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। बाद म्याद की गई आपत्ति अवैध व शून्य मानी जायेगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर दिनांक 21/02/2025

**विजय शंकर तिवारी,**
**अधिवक्ता**
**मो.94252-08945 90390-08945**

# भोजन की तलाश में रिहायशी इलाके में सियार ने जमाया डेरा, सीसीटीवी सामने आया

## सड्डू के कैपिटल होम सिटी में पिछले एक सप्ताह से सियार दे रहा दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की पॉश कालोनी में शामिल सड्डू स्थित कैपिटल सिटी में पिछले एक सप्ताह से शिकार की तलाश में सियार पहुंच रहा है। लोगों को इसकी जानकारी सीसीटीवी फूटेज सामने आने के बाद मिली। इसके बाद स्थानीय रहवासियों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है। वन विभाग के अफसर सियार को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ने की बात कह रहे हैं। बीमार होने की स्थिति में उपचार कराकर जंगल में छोड़ने की बात कह रहे हैं।

स्थानीय रहवासियों ने वन विभाग के अफसरों को बताया है कि उनकी कालोनी में पिछले एक सप्ताह से रात दो से तीन बजे सियार आ रहा है। स्थानीय लोगों ने वन अफसरों को बताया है कि पिछले एक सप्ताह से रात दो से तीन बजे के बीच स्ट्रीट डॉग तेज आवाज में भौंक रहे थे। इस पर लोगों ने आसपास के घरों में तथा कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की, तो उन लोगों ने एक सियार को कालोनी के अंदर मंडराते देखा।

### अफसर का कहना खेत खलिहान के रास्ते पहुंचा होगा

कैपिटल सिटी में सियार घुसने की बात को लेकर डीएफओ लोकनाथ पटेल का कहना है कि सियार खेत खलिहान के रास्ते कालोनी के अंदर प्रवेश कर गया होगा। जिस कालोनी में सियार की आमद हुई है, उस कालोनी के पीछे खेत खलिहान होने के साथ छोटे झाड़ के जंगल हैं। अफसर के अनुसान सियार डरपोक प्रजाति का होता है, इसलिए लोगों को डरने की जरूरत नहीं है।




### इस वजह से सियार के आने की आशंका

सियार खरगोस के साथ ही कुत्ते के बच्चों को अपना शिकार बनाता है। इसके साथ ही आसपास चिकन, मटन विक्रेता द्वारा मुर्गी अथवा बकरे के अवशेष के साथ उनकी हड्डी फेंकी गई होगी, जिसकी गंध सूंघकर सियार कालोनी के अंदर प्रवेश कर गया होगा। जानकारों ने सियार के फूटेज देख उसके उम्रदराज तथा बीमार होने की आशंका व्यक्त की है। सियार झुंड में रहने वाला वन्यजीव है। ऐसे में जानकारों ने आसपास की झाड़ियों में और सियार होने की आशंका व्यक्त की है।

### कुत्ता भौंकने से लोगों को लगा चोर आ रहे

स्थानीय लोगों के अनुसार एक सप्ताह से रात दो से तीन बजे के बीच कुत्तों के झुंड के भौंकने से लोगों को लगा, उनकी कालोनी में कोई चोर आ रहा है। लोगों के घर के बाहर रखे गमले टूटे हुए भी मिले। इस वजह से लोगों को अपनी कालोनी में चोर आने की आशंका बढ़ गई। इसके बाद लोगों ने सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की, तो उन्हें अपनी कालोनी में सियार आने की जानकारी मिली।

## प्रदेश की तहसीलों में उपयोग के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर खरीदी गई थी मशीनें

# 10 साल पहले खरीदी थीं प्लॉटर मशीनें कुछ दिन इस्तेमाल, उसके बाद से डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तहसील कार्यालयों में नक्शा बनाने का काम पहले पटवारी हाथ से किया करते थे, जिसके कारण कई तरह की गलतियां हो जाती थीं, वहीं कई बार उपयोग किए जाने या फोटो कॉपी कराने के कारण फट भी जाया करते थे। हाथ से नक्शा बनाने के कारण कई बार नक्शा रखे-रखे खराब या सड़-गल भी जाते थे। नक्शे की फोटो कापी कराना भी उस समय महंगा पड़ता था। इसे ध्यान में रखते हुए करीब 10 साल पहले प्रदेश के तहसील कार्यालयों में करोड़ों रुपए खर्च कर प्लॉटर मशीनों की खरीदी की गई थी। जानकारों के अनुसार इन मशीनों की खरीदी के बाद प्लॉटर मशीनों का ट्रायल के रूप में कुछ दिनों तक इस्तेमाल भी किया गया, लेकिन बाद में किसी कारण से इन मशीनों का इस्तेमाल करना ही बंद कर दिया गया। तब से ये मशीनें कार्यालयों में धूल खा रही हैं।

### पटवारियों को ट्रेनिंग भी नहीं दी गई

प्लॉटर मशीन का उपयोग तहसील कार्यालय के कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं पटवारियों को करना था। कम्प्यूटर में नक्शा पटवारियों को ही तैयार करवाना था, जिसके आधार पर प्लॉटर मशीन से नक्शे का प्रिंट निकालने का काम पटवारी की देखरेख में ही होता। इस कार्य के लिए पटवारियों को भी ट्रेनिंग दिया जाना था, लेकिन खरीदी के बाद पटवारियों को ट्रेनिंग ही नहीं दी गई। नतीजन मशीनें धीरे-धीरे मेंटनेंस नहीं किए जाने के कारण कबाड़ हो गई हैं।



### जिले के तहसील कार्यालयों में भी डंप पड़ी मशीनें

*जिले के चारों ब्लॉक अंतर्गत तहसील कार्यालयों के लिए भी प्लॉटर मशीनों की खरीदी की गई थी। इन सभी कार्यालयों में मशीनों का इस्तेमाल करने के लिए भेजा भी गया था। कार्यालय सूत्रों के अनुसार ट्रायल के रूप में कुछ दिनों तक इन मशीनों का उपयोग में भी लाया गया, लेकिन बाद में अचानक इन मशीनों का उपयोग करना ही बंद कर दिया गया, जिसके बाद से ये मशीनें तहसील कार्यालय में डंप पड़ी हुई हैं।*

### मशीन के साथ नक्शा निकालने दिए गए थे बॉन्डपेपर

*प्लॉटर मशीन की खरीदी के साथ संबंधित विभाग द्वारा नक्शा निकालने के लिए तहसील कार्यालयों को बॉन्डपेपर भी दिए गए थे। ये पेपर भी काफी महंगे हैं। उपयोग नहीं होने के कारण कहीं बॉन्डपेपर खराब हो चुके हैं, तो कई खराब हो रहे हैं। तहसील कार्यालयों में खरीदे गए बॉन्ड पेपर में कितने सुरक्षित रखे हैं, इसकी जानकारी विभागीय अधिकारी भी नहीं दे पा रहे हैं।*

### बिना त्रुटि व मेहनत के आसानी से निकल जाता है नक्शा

*प्लॉटर मशीन से नक्शा बनाने में न ही त्रुटि होने का गुंजाईश है और न ही इसमें ज्यादा मेहनत लगती है। कम्प्यूटर सिस्टम में नक्शा तैयार कर आसानी से प्लाटर मशीन से निकल जाता है। इसके अलावा अन्य कई दस्तावेज स्कैन करके भी इस मशीन से निकाले जा सकते हैं। इस तरह विभाग की प्लॉटर मशीन खरीदने के पीछे सोच अच्छी थी, लेकिन इस्तेमाल नहीं होने से ये मशीनें अब कबाड़ की तरह कार्यालयों में रखी हुई हैं।*

# सकरी पंचायत में पांचवीं बार कुर्रे परिवार का कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

गुरु अमरदास मेला परिसर के पास स्थित सकरी बारा डेरा में जहां प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की दूसरे चरण का चुनाव 20 फरवरी को संपन्न हुई. इसमें ग्राम सकरी बारा डेरा में भी चुनाव हुआ जिसमें ग्राम सकरी में पंचायत चुनाव में सरपंच पद के लिए 6 प्रत्याशी मैदान पर थे. जिसमें सोनम प्रशांत कुर्रे को सरपंच पद के लिए जनादेश प्राप्त हुआ. वही कुर्रे परिवार से नारायण प्रसाद कुर्रे ग्राम सकरी के चार बार सरपंच, कांग्रेस पार्टी से जिला रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रायपुर कृषि मंडी अध्यक्ष अनुसूचित जाति अंतर व्यवसाय आयोग के अध्यक्ष तथा और अनेकों पद पर पदस्थापना रहे वही अब ग्राम सकरी के सरपंच पद के लिए उसकी बहू सोनम प्रशांत कुर्रे को सरपंच पद की जिम्मेदारी सौंप गई जिन्हें बधाई देने लोगों का ताता लगा रहा. जहां समर्थकों द्वारा पटाखे और ढोल नगाड़े के साथ उत्सव मनाया. वही जीत के लिए नारायण प्रसाद कुर्रे ने सभी मतदाता भाई बहनों का आभार व्यक्त किया।

# माशिम की छात्र-छात्रा हेल्पलाइन सुविधा 28 फरवरी से 15 मार्च तक

**आरंग।** छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाई व हायर सेकेण्डरी परीक्षा के 15 दिन पूर्व हेल्पलाईन 2025 का संचालन मण्डल की अध्यक्ष रेणु जी. पिल्ले, सचिव पुष्पा साहू के निर्देशन में प्रथम चरण का संचालन 15 से 27 फरवरी तक व द्वितीय चरण का संचालन 28 फरवरी से 27 मार्च तक किया जाएगा। हेल्पलाईन में गुरुवार व शुक्रवार को रसायन तथा विज्ञान विषय के विशेषज्ञ सुनीता पाण्डेय शा.उ.मा.वि. गोढी, भौतिक विषय हेतु विकास गेडाम और कुमकुम झा, गणित विषय हेतु डॉ. रितु श्रीवास्तव द्वारा परीक्षा की तैयारी के संबध में विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया गया। मनोरोग विशेषज्ञ अरुणा जैन द्वारा परीक्षा तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। कक्षा 12वीं हेतु कोरबा, बलौदाबाजार, रायपुर, धमतरी, महासमुंद, कवर्धा, जांजगीर, बिलासपुर, बेमेतरा से विद्यार्थियों ने अनेक विषयों संबंधी प्रश्न पुछे और अपनी जिज्ञासा को



शांत किया। वैष्णवी सिंह ने कहा कि गणित घर पर बन जाता है पर परीक्षा में भूल जाती हूं, युवराज ने रासायनिक समीकरण कैसे करने याद करें आदि का उत्तर विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। हेल्पलाईन हेतु 18002334363 पर कॉल प्राप्त हुए। हेल्पलाईन का संचालन उपसचिव जे.के. अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार साहू द्वारा किया जा रहा है। इसका लाभ बोर्ड के विद्यार्थियों को सतत हो रहा है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के नतीजे घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



■ जिपं सदस्य क्षेत्र क्रमांक से स्वाति वर्मा की जीत

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का चुनाव 20 फरवरी को संपन्न हुआ देर रात तक नतीजे भी सामने भी आते गए। तिल्दा नेवरा से लगे ग्राम पंचायत तुलसी नेवरा में सरपंच पद पर गुलाब आडील की जीत हुई है। जनपद सदस्य पद पर नरसिंह वर्मा ने जीत दर्ज की है, ग्राम जोता से देवेंद्र वर्मा सरपंच निर्वाचित हुए हैं। वही कोहका घुलघुल सरपंच पद पर तेजराम वर्मा की जीत हुई है इस क्षेत्र से जनपद सदस्य पद पर देवव्रत शर्मा गोलू ने जीत दर्ज की है। ग्राम पंचायत सगुनी से रजत कश्यप ने जीत दर्ज कर सरपंच बने है, इस क्षेत्र से जनपद सदस्य हेतु देवेंद्र वर्मा ने जीत दर्ज की। ग्राम पंचायत देवरी से श्रीमती दिव्या राजा वर्मा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर सरपंच बनी है। ग्राम पंचायत खैरखूंट से यशोदा साहू ने जीत दर्ज की है।

वहीं जिला पंचायत सदस्य हेतु क्षेत्र क्रमांक 6 से श्रीमती शैल साहू ने जीत दर्ज की है उन्होंने भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अनुराधा वर्मा को हराया है। साथ ही जिला पंचायत सदस्य हेतु क्षेत्र क्रमांक 7 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती स्वाति वर्मा ने जीत दर्ज की है उन्होंने श्रीमती सुमन देवव्रत नायक को पराजित किया है। स्वाति वर्मा पहले सरपंच बने फिर जनपद सदस्य पद पर निर्वाचित हुए और अब जिला पंचायत सदस्य पर जीत दर्ज की है। वे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा की सुपुत्री है। वहीं ग्राम टंडवा बैकुंठ से सरपंच पद पर कृष्ण कुमार वर्मा बाऊ ने जीत दर्ज की है।

# महाशिवरात्रि पर 24 को शिव-पार्वती विवाह का होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

■ सुबह 10 बजे से श्री कुमारेश्वर नाथ महादेव जी का दुग्धाभिषेक, 3 बजे शिवजी की बारात निकाली जाएगी

आरंग में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर महाकाल ग्रुप द्वारा शिव पार्वती विवाह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत श्री कुमारेश्वर महादेव जी का भव्य बारात शोभा यात्र सहित तीन दिवसीय भव्य आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 24 फरवरी से होगा। पहले दिन 24 फरवरी को संध्या 05 बजे से तेल, हल्दी, चुलमाटी का कार्यक्रम होगा। 25 फरवरी को दोपहर 01 बजे से मायन एवं महाप्रसादी भंडारा का भव्य आयोजन श्री कुमारेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर महामाया पारा में होगा। 26 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन दुग्धाभिषेक एवं बारात प्रस्थान का कार्यक्रम होगा।



सुबह 10 बजे से श्री कुमारेश्वर नाथ महादेव जी का दुग्धाभिषेक किया जायेगा तथा दोपहर 03 बजे शिव जी का भव्य बारात नगर में निकाला जाएगा। बारात को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के लिए महाकाल ग्रुप के सदस्यों द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही है। महाकाल ग्रुप के प्रमुख डॉली विश्वकर्मा ने बताया की बारात में विशेष प्रस्तुति के अंतर्गत शिव पार्वती बारात की झांकी नवदुर्गा झांकी (भुतवा–परेतवा) धुमाल, राऊत नाचा, डी.जे., अखाड़ा की विशेष प्रस्तुति होगी। आपको बता दे की आयोजन के प्रचार प्रसार के लिए शिवभक्तों द्वारा श्रद्धालुओं को इस शिव पार्वती विवाह में सम्मलित होने के लिए घरों घर जाकर पीला चावल दे कर निमंत्रण भी दिया जा रहा है। प्रतिवर्ष होने वाले इस आयोजन को लेकर शिव भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

पेज 9 के शेष...

### महाशिवरात्रि पर 100 ...

रही है। हालांकि हर दुकान में मौजूद कर्मियों ने बुकिंग की जानकारी गोपनियता की शर्त पर दी। ज्यादा मात्रा में भांग की डिमांड करने वालों की जानकारी भी रखी जाती है। दुकानों पर पहुंचने वाले ज्यादातर लोग 100 ग्राम से आधा किलो तक ही आर्डर करते हैं। इसके लिए दुकान में बुकिंग चार्ज भी देने लगे हैं, ताकि महापर्व के दिन उन्हें आसानी से पर्याप्त मात्रा में भोलेनाथ को अर्पित करने के लिए भांग मिल सके।

### पूजा में चढ़ाने के...

लिए खरीदते हैं। ज्यादातर लोग घर में उपयोग के लिए भी भांग पिसते हैं। इसके लिए वे भी पत्ता ही खरीदते हैं। इस बार शिवरात्रि के लिए लोग पत्ता खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। घर में उपयोग के लिए लोग 50 ग्राम तक भी भांग खरीद रहे हैं। कई लोग 50 और 100 रुपए का भी भांग खरीद रहे हैं।

### नहीं बन पाई रीजनल...

को अंबिकापुर-बिलासपुर-रायपुर के बीच सप्ताह में तीन दिन 19 सीट क्षमता की फ्लाइट का संचालन शुरू किया गया था। शुरुआती दिनों में रिस्पांस अच्छा होने की वजह से उड़ान को सप्ताह में छह दिन कर दिया गया था। धीरे-धीरे तीनों शहरों को जोड़ने वाली इस छोटी फ्लाइट के यात्री कम होने लगे और धीरे-धीरे इसकी आवाजाही कम होती चली गई। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में यह फ्लाइट अघोषित रूप से बंद हो चुकी है। कुछ ऐसा ही हाल रायपुर से जगदलपुर के बीच संचालित फ्लाइट का हुआ था। पहले एलायंस एयर फिर इंडिगो द्वारा अपनी हैदराबाद-जगदलपुर फ्लाइट को अलग-अलग दिन रायपुर तक विस्तारित किया था। पहले एलायंस एयर ने रायपुर-जगदलपुर का संचालन बंद किया, फिर विंटर शेड्यूल के दौरान इंडिगो ने दोनों शहरों के बीच विमान उड़ाने से अपना हाथ खींच लिया। जानकार सूत्रों का कहना है कि प्रदेश के भीतर विमान के संचालन की सबसे बड़ी समस्या यात्रियों का संकट है। होने वाले घाटे की वजह विमानन कंपनी पहले उड़ान घटाती है, फिर संचालन बंद कर देती है।

**समर शेड्यूल में मुंबई की दोपहर फ्लाइट**–ट्रैवल्स एसोसिएशन फेडरेशन ऑफ इंडिया (टाफी) के प्रदेश अध्यक्ष रमन जादवानी ने बताया कि मार्च के अंतिम दिनों से विमानन कंपनियां समर शेड्यूल के हिसाब से अपनी फ्लाइट संचालित करेंगी। इस दौरान रायपुर-मुंबई के बीच दोपहर के शेड्यूल में फ्लाइट उपलब्ध कराने की डिमांड की गई है। अभी दोनों शहरों के बीच यात्रा करने के लिए सुबह-शाम, फिर रात को उड़ान है। दोपहर की फ्लाइट नहीं होने की वजह से यात्रियों को समस्या होती है। इसी तरह पुरानी डिमांड में जयपुर और विशाखापट्टनम के लिए भी फ्लाइट की सुविधा देने की मांग की जा रही है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

ओम डेन्टल हॉस्पिटल (अब नई जगह)
● दर्द रहित रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) ● टेढ़े मेढ़े दांतो का इलाज (INVISALIGN) Clear Aligners द्वारा
● डेंटल इम्पलांट (Dental Implants) ● Smile Designing ● दांतो की Bleaching
● मसूड़ों की बीमारी ● अक्ल दाढ़ निकालना
117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040

जीवन ज्योति होम्योपैथी क्लीनिक
रोग निदान — 17 वर्षों से आपके सेवा में
● महिला संबंधी रोग : अनियमित मासिक धर्म, पी.सी.ओ.डी.
● अस्थि रोग : अर्थाइटिस, सायटिका फ्रोजन सोल्डर, स्पॉडिलाइटिस
● पुरूष संबंधित रोग : कमजोरी, हाइड्रोसील, नाक, कान, गला व श्वास संबंधित रोग
● चर्म रोग : एक्जीमा, सोरिएसिस, सफेद दाग, शरीर में गठान, मस्से, झाइ
● पाचन संबंधी रोग : एसीडिटी, अल्सर, बवासीर, कब्ज
● किडनी एवं हृदय रोग : पथरी, यूरीन इंफेक्शन, बीपी
● शिशु रोग : सर्दी, खांसी, बुखार
● स्नायू (वर्ष) रोग : मिर्गी, माइग्रेन, पैरालाईसीस
● केश रोग : बालो का झड़ना, रूसी, एलोपेसिया,
सुगर, थाईराइड, मोटापा, मानसिक रोग, तनाव, चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन, नींद की बिमारी
डॉ. रंजीता जायसवाल
BHMS. (BHOPAL)
Ex. RMO Maharana Pratap Homoeopathic College & Hospital Raipur (C.G)
अपॉइंटमेंट हेतु कॉल करें
84351-99964

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पंडोखर धाम पीठाधीश्वर का शिष्यों ने किया स्वागत

**रायपुर।** पंडोखर धाम पीठाधीश्वर गुरुशरण महाराज राजिम कल्प कुंभ में शामिल होने रायपुर पहुंचे, जहां उनके सैकड़ों शिष्यों ने बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। महाराजश्री राजिम कल्प कुंभ में छग शासन एवं मुख्यमंत्री के आग्रह पर पहुंचे हैं। राजधानी रायपुर में भक्तों ने गुरुशरण महाराज के साथ नीदरलैण्ड से पहुंचे संतश्री आनंद महाराज का पुष्पमाला पहनाकर एवं आरती उतारकर भव्य स्वागत किया। राजिम कुंभ कल्प पहुंचकर महाराजश्री ने पवित्र चित्रोत्पला गंगा महानदी सहित भगवान राजीवलोचन एवं श्री कुलेश्वर महादेव का पूजन-अर्चन कर दर्शन लाभ लिया। शिष्य मंडल के सदस्य राजेश पांडेय ने बताया कि राजिम मेले में पहुंचकर छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ अनेक धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। पंडोखर सरकार राजिम कुंभ में 21 से 26 फरवरी तक उपस्थित रहेंगे। दरबार स्थल पर नित्य भण्डारा प्रसादी का आयोजन किया गया है। उनके साथ टेकराम साहू, राजीव अवस्थी, विकास दुबे, राकेश अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, संतोष तिवारी, डॉ. नलिनी मढ़रिया सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

### संतश्री गजानन महाराज का प्राकट्य महोत्सव मनाया



**रायपुर।** तात्यापारा स्थित संतश्री गजानन महाराज संस्थान रायपुर मे संतश्री के प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रतिवर्षानुसार गणेश याग का आयोजन किया गया। इस वर्ष के गणेश याग मे सम्मिलित आचार्य चारुदत्त जोशी, शैलेश चिंचोलकर, विवेक अमीन एवं आशीष पंडित, राजा भट्ट, यज्ञ के पुरोहित एवं यजमान हर्षल बल्लाल सपत्नीक यज्ञ के पहले सुबह संतश्री की शोडषोपचार पूजा, रुद्राभिषेक किया। कार्यक्रम पूर्ण भक्तिभाव से संपादित किया गया, गणेश याग व संतश्री के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही होती रही। कार्यक्रम में संतश्री गजानन महाराज संस्थान में रात 8 बजे सामूहिक महाआरती में महिलाओं ने एक समान वेशभूषा व सभी के हाथों में आरती की थाल के साथ अनेक भक्तजन उपस्थित थे। संतश्री के शोडषोपचार पूजन के उपरांत सुबह 10 बजे सत्यनारायण कथा का आयोजन तथा दोपहर 12 बजे महाआरती और दोपहर 1 बजे से महाप्रसाद भंडारा व भाजी भाकर का वितरण किया गया। 22 फरवरी को शाम 6 बजे संतश्री की पालकी यात्रा मंदिर से प्रारंभ होगी।

### प्राणघातक हमला, पांच आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर पांच बदमाशों को जानलेवा हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। दीपक वाधवानी उर्फ कालू की शिकायत पर पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोप में विक्रम सिंह ठाकुर उर्फ छोटू, लाला बेसरा, भोला जगत, गणेश बाघ, संतोष जगत को गिरफ्तार किया है।

**आम सूचना**

(खसरा नं. 505/3, प्लॉट नं. एन 1, रकबा 3600 वर्गफुट जो श्रीराम नगर फेस 2 अनुपम, सहकारी गृह निर्माण समिति शंकर नगर, रायपुर, पटवारी हल्का नं. 00063, रा.नि.मं. रायपुर-8- शंकर नगर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. के विक्रय के संबंध में)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री शिव शंकर अग्रवाल पिता श्री रुद्रनाथ अग्रवाल निवासी कुशालपुर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की निजी संपत्ति खसरा नं. 505/3, प्लॉट नं. एन 1, रकबा 3600 वर्गफुट, जो श्रीराम नगर फेस 2, अनुपम सहकारी गृह निर्माण समिति शंकर नगर, रायपुर, पटवारी हल्का नं. 00063, रा.नि.मं. रायपुर-8- शंकर नगर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. में स्थित है, को क्रय करने का सौदा किया गया है।

उक्त संपत्ति को विक्रय करने पर यदि किसी व्यक्ति संस्था सहकारी सोसायटी या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज मेरे कार्यलय में 07 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। बाद म्याद की गई आपत्ति अवैध व शून्य मानी जायेगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर दिनांक 21/02/2025

**विजय शंकर तिवारी,**
**अधिवक्ता**
**मो.94252-08945 90390-08945**

# भोजन की तलाश में रिहायशी इलाके में सियार ने जमाया डेरा, सीसीटीवी सामने आया

## सड्डू के कैपिटल होम सिटी में पिछले एक सप्ताह से सियार दे रहा दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की पॉश कालोनी में शामिल सड्डू स्थित कैपिटल सिटी में पिछले एक सप्ताह से शिकार की तलाश में सियार पहुंच रहा है। लोगों को इसकी जानकारी सीसीटीवी फूटेज सामने आने के बाद मिली। इसके बाद स्थानीय रहवासियों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है। वन विभाग के अफसर सियार को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ने की बात कह रहे हैं। बीमार होने की स्थिति में उपचार कराकर जंगल में छोड़ने की बात कह रहे हैं।

स्थानीय रहवासियों ने वन विभाग के अफसरों को बताया है कि उनकी कालोनी में पिछले एक सप्ताह से रात दो से तीन बजे सियार आ रहा है। स्थानीय लोगों ने वन अफसरों को बताया है कि पिछले एक सप्ताह से रात दो से तीन बजे के बीच स्ट्रीट डॉग तेज आवाज में भौंक रहे थे। इस पर लोगों ने आसपास के घरों में तथा कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की, तो उन लोगों ने एक सियार को कालोनी के अंदर मंडराते देखा।

### अफसर का कहना खेत खलिहान के रास्ते पहुंचा होगा

कैपिटल सिटी में सियार घुसने की बात को लेकर डीएफओ लोकनाथ पटेल का कहना है कि सियार खेत खलिहान के रास्ते कालोनी के अंदर प्रवेश कर गया होगा। जिस कालोनी में सियार की आमद हुई है, उस कालोनी के पीछे खेत खलिहान होने के साथ छोटे झाड़ के जंगल हैं। अफसर के अनुसान सियार डरपोक प्रजाति का होता है, इसलिए लोगों को डरने की जरूरत नहीं है।




### इस वजह से सियार के आने की आशंका

सियार खरगोस के साथ ही कुत्ते के बच्चों को अपना शिकार बनाता है। इसके साथ ही आसपास चिकन, मटन विक्रेता द्वारा मुर्गी अथवा बकरे के अवशेष के साथ उनकी हड्डी फेंकी गई होगी, जिसकी गंध सूंघकर सियार कालोनी के अंदर प्रवेश कर गया होगा। जानकारों ने सियार के फूटेज देख उसके उम्रदराज तथा बीमार होने की आशंका व्यक्त की है। सियार झुंड में रहने वाला वन्यजीव है। ऐसे में जानकारों ने आसपास की झाड़ियों में और सियार होने की आशंका व्यक्त की है।

### कुत्ता भौंकने से लोगों को लगा चोर आ रहे

स्थानीय लोगों के अनुसार एक सप्ताह से रात दो से तीन बजे के बीच कुत्तों के झुंड के भौंकने से लोगों को लगा, उनकी कालोनी में कोई चोर आ रहा है। लोगों के घर के बाहर रखे गमले टूटे हुए भी मिले। इस वजह से लोगों को अपनी कालोनी में चोर आने की आशंका बढ़ गई। इसके बाद लोगों ने सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की, तो उन्हें अपनी कालोनी में सियार आने की जानकारी मिली।

## प्रदेश की तहसीलों में उपयोग के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर खरीदी गई थी मशीनें

# 10 साल पहले खरीदी थीं प्लॉटर मशीनें कुछ दिन इस्तेमाल, उसके बाद से डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तहसील कार्यालयों में नक्शा बनाने का काम पहले पटवारी हाथ से किया करते थे, जिसके कारण कई तरह की गलतियां हो जाती थीं, वहीं कई बार उपयोग किए जाने या फोटो कॉपी कराने के कारण फट भी जाया करते थे। हाथ से नक्शा बनाने के कारण कई बार नक्शा रखे-रखे खराब या सड़-गल भी जाते थे। नक्शे की फोटो कापी कराना भी उस समय महंगा पड़ता था। इसे ध्यान में रखते हुए करीब 10 साल पहले प्रदेश के तहसील कार्यालयों में करोड़ों रुपए खर्च कर प्लॉटर मशीनों की खरीदी की गई थी। जानकारों के अनुसार इन मशीनों की खरीदी के बाद प्लॉटर मशीनों का ट्रायल के रूप में कुछ दिनों तक इस्तेमाल भी किया गया, लेकिन बाद में किसी कारण से इन मशीनों का इस्तेमाल करना ही बंद कर दिया गया। तब से ये मशीनें कार्यालयों में धूल खा रही हैं।

### पटवारियों को ट्रेनिंग भी नहीं दी गई

प्लॉटर मशीन का उपयोग तहसील कार्यालय के कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं पटवारियों को करना था। कम्प्यूटर में नक्शा पटवारियों को ही तैयार करवाना था, जिसके आधार पर प्लॉटर मशीन से नक्शे का प्रिंट निकालने का काम पटवारी की देखरेख में ही होता। इस कार्य के लिए पटवारियों को भी ट्रेनिंग दिया जाना था, लेकिन खरीदी के बाद पटवारियों को ट्रेनिंग ही नहीं दी गई। नतीजन मशीनें धीरे-धीरे मेंटनेंस नहीं किए जाने के कारण कबाड़ हो गई हैं।



### जिले के तहसील कार्यालयों में भी डंप पड़ी मशीनें

*जिले के चारों ब्लॉक अंतर्गत तहसील कार्यालयों के लिए भी प्लॉटर मशीनों की खरीदी की गई थी। इन सभी कार्यालयों में मशीनों का इस्तेमाल करने के लिए भेजा भी गया था। कार्यालय सूत्रों के अनुसार ट्रायल के रूप में कुछ दिनों तक इन मशीनों का उपयोग में भी लाया गया, लेकिन बाद में अचानक इन मशीनों का उपयोग करना ही बंद कर दिया गया, जिसके बाद से ये मशीनें तहसील कार्यालय में डंप पड़ी हुई हैं।*

### मशीन के साथ नक्शा निकालने दिए गए थे बॉन्डपेपर

*प्लॉटर मशीन की खरीदी के साथ संबंधित विभाग द्वारा नक्शा निकालने के लिए तहसील कार्यालयों को बॉन्डपेपर भी दिए गए थे। ये पेपर भी काफी महंगे हैं। उपयोग नहीं होने के कारण कहीं बॉन्डपेपर खराब हो चुके हैं, तो कई खराब हो रहे हैं। तहसील कार्यालयों में खरीदे गए बॉन्ड पेपर में कितने सुरक्षित रखे हैं, इसकी जानकारी विभागीय अधिकारी भी नहीं दे पा रहे हैं।*

### बिना त्रुटि व मेहनत के आसानी से निकल जाता है नक्शा

*प्लॉटर मशीन से नक्शा बनाने में न ही त्रुटि होने का गुंजाईश है और न ही इसमें ज्यादा मेहनत लगती है। कम्प्यूटर सिस्टम में नक्शा तैयार कर आसानी से प्लाटर मशीन से निकल जाता है। इसके अलावा अन्य कई दस्तावेज स्कैन करके भी इस मशीन से निकाले जा सकते हैं। इस तरह विभाग की प्लॉटर मशीन खरीदने के पीछे सोच अच्छी थी, लेकिन इस्तेमाल नहीं होने से ये मशीनें अब कबाड़ की तरह कार्यालयों में रखी हुई हैं।*

# दो साल बाद भी वापस नहीं मिली काउंसिलिंग की पंजीयन राशि, अब शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 27 फरवरी को पूरी करेंगे दस्तावेजी प्रक्रिया, प्रभावितों को बुलाया गया

दो साल पहले एमबीबीएस और एमडी-एमएस की काउंसिलिंग में शामिल होने वाले कई उम्मीदवारों को पंजीयन राशि की वापसी नहीं हुई है। प्रभावितों की समस्या का समाधान करने और दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने 27 फरवरी को शिविर लगाया जाएगा। काउंसिलिंग के शामिल होने के लिए यूजी और पीजी के लोगों शासकीय में दस हजार और निजी में एक लाख रुपए तक पंजीयन शुल्क लिया जाता है।

वर्ष 2023 में प्रदेश के शासकीय और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने काउंसिलिंग में शामिल होने पंजीयन कराया था। इस दौरान उनके द्वारा शासकीय कालेज में पांच से दस हजार और निजी कालेजों में एक लाख रुपए तक शुल्क जमा कराया गया था। नियम के मुताबिक काउंसिलिंग पूरी होने के पश्चात सीटों त्यागने वालों को छोड़कर शेष को पंजीयन राशि वापस की जाती है। वर्ष 2023 में विभिन्न तरह की तकनीकी दिक्कत आने की वजह से पात्र पाए गए सभी उम्मीदवारों को रिफंड नहीं हो पाया था। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा संबंधित बैंक को फंड ट्रांसफर कर राशि संबंधित उम्मीदवारों के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए थे मगर कई तरह की अड़चनों की वजह से सभी पात्रों को पंजीयन राशि वापस नहीं हो पाई थी। नियम के मुताबिक पंजीयन की राशि 11 महीने के भीतर संबंधित छात्रों के खाते में वापस किया जाना होता मगर इस मामले में दो साल बीतने को हैं।

### दस्तावेज लाना होगा

चिकित्सा शिक्षा संचालक डा. यूएस पैंकरा ने बताया कि वर्ष 2023 में काउंसिलिंग के रिफंड के लिए पात्र सूची में शामिल उम्मीदवारों को इसके लिए आवश्यक दस्तावेज लेकर आना होगा। जिसमें यह शपथ पत्र भी होगा कि उन्होंने अब तक रिफंड प्राप्त नहीं किया है। सुबह 11 से शाम 5 बजे तक ने शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के काउंसिलिंग कक्ष के आईटी सेल में उपस्थित होने का वक्त दिया है।

# स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों को सौगात

## मिशन क्लीन सिटी : राज्य सरकार ने खोला राहत का पिटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत नगरीय निकायों में कार्यरत स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों के लिए राहत का पिटारा खोला है। राज्य शासन द्वारा उनके लिए आठ घंटे की कार्यावधि निर्धारित करने के साथ ही साप्ताहिक अवकाश और महीने में एक दिन का सवैतनिक आकस्मिक अवकाश प्रदान करने के संबंध में नए दिशा-निर्देश सभी नगरीय निकायों को जारी किए हैं।

साथ ही सभी स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों का श्रम विभाग में पंजीयन कराकर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने के भी निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगरीय निकायों में लागू मिशन क्लीन सिटी के तहत निर्मित अधोसंरचना तथा स्वसहायता समूहों के संचालन एवं संधारण के लिए वर्ष 2016 में जारी निर्देशों को संशोधित कर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये नए दिशा-निर्देश रायपुर, भिलाई और रिसाली को छोड़कर शेष सभी नगर निगमों तथा सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में लागू होंगे। निकायों में कार्यरत विभिन्न स्वसहायता समूहों की मांगों पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने नगर निगम आयुक्तों तथा नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को इस संबंध में परिपत्र जारी कर नए निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है।

### आठ घंटे की ड्यूटी निर्धारित

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार स्वच्छता दीदियों/सफाई मित्रों की कार्यावधि आठ घण्टे निर्धारित की गई है। निकाय सुविधानुसार प्रातः छह बजे से दोपहर तीन बजे (एक घण्टे का भोजन अवकाश मिलाकर) या प्रातः सात बजे से शाम चार बजे तक कार्यावधि निर्धारित कर सकते हैं। विशेष अवसरों के अतिरिक्त निर्धारित कार्यावधि से अधिक कार्य कराया जाना प्रतिबंधित होगा। निकायों में प्रत्येक स्वच्छता दीदी/सफाई मित्र का कार्य रोस्टर स्वसहायता समूह द्वारा इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि प्रत्येक सदस्य को रोटेशन आधार पर एक साप्ताहिक अवकाश अनिवार्यतः प्राप्त हो सके।

# आबकारी के वेयर हाउस में आग लगने से जब्त शराब जलकर हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घटना गुढ़ियारी स्थित वेयर हाउस में तड़के चार से पांच बजे लगी आग

गुढ़ियारी स्थित आबकारी विभाग के वेयर हाउस में तड़के चार से पांच बजे के बीच आग लगने से हड़कंप मच गया। आगजनी की घटना में वेयर हाउस में जब्त की गई शराब को नष्टीकरण करने स्टोरेज किया गया था। आगजनी की घटना में कितने की जब्त शराब जली है, आबकारी विभाग के अफसर जांच करने के बाद कुछ बता पाने की बात कह रहे हैं। घटना के बाद मौके का मुआयना करने आबकारी विभाग के अफसर घटना स्थल पहुंचे थे। वेयर हाउस में लगी आग पर तीन दमकल की गाड़ियों की मदद से काबू पाया गया। आबकारी विभाग के अफसरों के अनुसार वेयर हाउस के ऊपर से हाईटेंशन वायर गया हुआ है। अफसरों ने आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होने की आशंका व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर यार्ड में आग लगी थी। उस समय भी आबकारी विभाग का वही वेयर हाउस आग की चपेट में आ गया था। तब भी वेयर हाउस में रखी शराब की बोतलें आग की चपेट में आकर राख में तब्दील हो गई थीं। घटना तड़के की थी, इस वजह से आग पर जल्दी काबू पा लिया गया।



## पेज 9 के शेष

### महाशिवरात्रि पर...

रही है। हालांकि हर दुकान में मौजूद कर्मियों ने बुकिंग की जानकारी गोपनियता की शर्त पर दी। ज्यादा मात्रा में भांग की डिमांड करने वालों की जानकारी भी रखी जाती है। दुकानों पर पहुंचने वाले ज्यादातर लोग 100 ग्राम से आधा किलो तक ही आर्डर करते हैं। इसके लिए दुकान में बुकिंग चार्ज भी देने लगे हैं, ताकि महापर्व के दिन उन्हें आसानी से पर्याप्त मात्रा में भोलेनाथ को अर्पित करने के लिए भांग मिल सके।

### पूजा में चढ़ाने के...

लिए खरीदते हैं। ज्यादातर लोग घर में उपयोग के लिए भी भांग पिसते हैं। इसके लिए वे भी पत्ता ही खरीदते हैं। इस बार शिवरात्रि के लिए लोग पत्ता खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। घर में उपयोग के लिए लोग 50 ग्राम तक भी भांग खरीद रहे हैं। कई लोग 50 और 100 रुपए का भी भांग खरीद रहे हैं।

### नहीं बन पाई...

को अंबिकापुर-बिलासपुर-रायपुर के बीच सप्ताह में तीन दिन 19 सीट क्षमता की फ्लाइट का संचालन शुरू किया गया था। शुरुआती दिनों में रिस्पांस अच्छा होने की वजह से उड़ान को सप्ताह में छह दिन कर दिया गया था। धीरे-धीरे तीनों शहरों को जोड़ने वाली इस छोटी फ्लाइट के यात्री कम होने लगे और धीरे-धीरे इसकी आवाजाही कम होती चली गई। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में यह फ्लाइट अघोषित रूप से बंद हो चुकी है। कुछ ऐसा ही हाल रायपुर से जगदलपुर के बीच संचालित फ्लाइट का हुआ था। पहले एलायंस एयर फिर इंडिगो द्वारा अपनी हैदराबाद-जगदलपुर फ्लाइट को अलग-अलग दिन रायपुर तक विस्तारित किया था। पहले एलायंस एयर ने रायपुर-जगदलपुर का संचालन बंद किया, फिर विंटर शेड्यूल के दौरान इंडिगो ने दोनों शहरों के बीच विमान उड़ाने से अपना हाथ खींच लिया। जानकार सूत्रों का कहना है कि प्रदेश के भीतर विमान के संचालन की सबसे बड़ी समस्या यात्रियों का संकट है। होने वाले घाटे की वजह विमानन कंपनी पहले उड़ान घटाती है, फिर संचालन बंद कर देती है।

**समर शेड्यूल में मुंबई की दोपहर फ्लाइटः** ट्रैवल्स एसोसिएशन फेडरेशन ऑफ इंडिया (टाफी) के प्रदेश अध्यक्ष रमन जादवानी ने बताया कि मार्च के अंतिम दिनों से विमानन कंपनियां समर शेड्यूल के हिसाब से अपनी फ्लाइट संचालित करेंगी। इस दौरान रायपुर-मुंबई के बीच दोपहर के शेड्यूल में फ्लाइट उपलब्ध कराने की डिमांड की गई है। अभी दोनों शहरों के बीच यात्रा करने के लिए सुबह-शाम, फिर रात को उड़ान है। दोपहर की फ्लाइट नहीं होने की वजह से यात्रियों को समस्या होती है। इसी तरह पुरानी डिमांड में जयपुर और विशाखापट्टनम के लिए भी फ्लाइट की सुविधा देने की मांग की जा रही है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
Dental & Cosmetic Treatments

ओम डेन्टल हॉस्पिटल (अब नई जगह)
• दर्द रहित रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) • टेढ़े मेढ़े दांतो का इलाज (INVISALIGN) Clear Aligners द्वारा
• डेंटल इम्पलांट (Dental Implants) • Smile Designing • दांतो की Bleaching
• मसूड़ों की बीमारी • अक्ल दाढ़ निकालना
117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040


जीवन ज्योति होम्योपैथी क्लीनिक
रोग निदान
17 वर्षों से आपके सेवा में
डॉ. रंजीता जायसवाल
BHMS. (BHOPAL)
Ex. RMO Maharana Pratap Homoeopathic College & Hospital Raipur (C.G)
अपॉइंटमेंट हेतु कॉल करें: 84351-99964

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

तकिया रेमंड एक के साथ एक फ्री
चादरे सैट 9x9 425/-
तकिया फूल साईज 160/- जोड़ी
गद्दा सादा 220/-
मैट्रेस लेस 30% से 60%
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
4x6 - 15 किलो 700/-, 850/- गद्दा
फाईबर तकिया 250/- जोड़ी
प्रोटेक्टर सभी प्रकार के तैयार कव्हर
लग्जरी मैट्रेस 5, 6, 7, 8 इंच रेडी
सोफा कमबेड कम्फर्टर कंबल
तैयार सफेद रुई फाइबर गद्दा
संजय रुई भंडार
निरंकारी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262


हमने बनाया है हम ही संवारेंगे
प्रदेश में सुशासन का सूर्योदय करने वाले
छत्तीसगढ़ के जननायक
माननीय मुख्यमंत्री
श्री विष्णुदेव साय जी को
62 वें
वर्ष में प्रवेश करने पर
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
आपके दीर्घायु
एवं स्वस्थ जीवन की
शुभकामनाएं...
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मेरे भाई जैसे हैं
पी.एम. - नरेन्द्र मोदी
पुरन्दर मिश्रा
विधायक – रायपुर उत्तर विधानसभा

**खबर संक्षेप**

## काकाजी स्वीट्स में मिली गंदगी, 2 हजार का जुर्माना



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के मोवा इलाके में शुक्रवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक नमकीन-मिठाई दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान में भारी गंदगी पाई गई, जिस पर दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जोन-9 कमिश्नर संतोष पांडेय ने बताया कि भीमराव आंबेडकर वार्ड मोवा स्थित काकाजी स्वीट्स में गंदगी पसरी होने की जन शिकायत मिली थी, जिसके आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान में गंदगी भी पाई गई। इस तरह शिकायत सही पाई गई। टीम ने इस मामले में दुकान संचालक पर दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया, साथ ही भविष्य में गंदगी मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

## फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा लाखों की ठगी, गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने



फ्रेंचाइजी का झांसा देकर 25 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शिव कुमार अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने अमलीडीह निवासी जय कुमार नारा को गिरफ्तार किया है। शिव ने 23 जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि जय ने उसे टैक्स जीवन सर्विसेस की फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया था। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पुलिस पतासाजी करने की बात कह रही है।

## दो सूने मकानों में धावा जेवर-सामान किए पार

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक डॉक्टर तथा एक अन्य ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपने सूने मकान से दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सड्डू निवासी डॉ. निकिता मिंज तथा पचेड़ा निवासी नितिन ठाकरे ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। डॉ. मिंज ने पुलिस को बताया कि वह एक विवाह समारोह में शामिल होने गई थी, तब चोरों ने उनके घर में धावा बोलकर नकदी सहित एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। नितिन अपनी पत्नी का उपचार कराने अस्पताल ले गया था। इस दौरान चोरों ने उसके घर धावा बोलकर नकदी तथा जेवर चोरी पार कर दिए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को मातृभाषा में भी उपलब्ध कराई जानी थी अध्ययन सामग्री

# 33 में मात्र 9 कोर्स के ही हिंदी लेक्चर अपलोड कर सका सीएसवीटीयू, बाकी की पढ़ाई केवल अंग्रेजी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों की मातृभाषा को प्राथमिकता देने की बात कही गई थी। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से कहा गया था कि वे उन भाषाओं में अध्ययन सामग्री तैयार करें, जिसमें अध्ययन से छात्रों को लाभ पहुंचे और वे चीजों को आसानी से समझ सकें। मेडिकल और इंजीनियिरिंग पाठ्यक्रम की अध्ययन सामग्री भी हिंदी में तैयार करने कहा गया था। लेकिन इसमें विशेष सफलता प्राप्त होती हुई नहीं दिख रही है। प्रदेश का तकनीकी विवि अपने अधीन संचालित होने वाले 33 पाठ्यक्रमों में से मात्र 9 कोर्स का ही स्टडी मटेरियल हिंदी में उपलब्ध करा सका है।

- स्वयं पोर्टल में विवि ने अपलोड किए हैं वीडियो, अधिकतर अध्ययन सामग्री इंग्लिश में

'स्वयं पोर्टल' के अंतर्गत विश्वविद्यालयों द्वारा अपने प्राध्यापकों के वीडियो अपलोड किए जाने हैं। इसका उद्देश्य स्वध्यायी छात्रों को लाभ प्रदान करना, कक्षा में किसी कारण अनुपस्थित रहे छात्रों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना और एक क्लिक पर सभी टॉपिक के लेक्चर उपलब्ध कराना है। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि द्वारा 'स्वयं पोर्टल' में 33 कोर्स के वीडियो लेक्चर अपलोड किए गए हैं, लेकिन इनमें से मात्र 9 कोर्स के ही वीडियो हिंदी में हैं। शेष सभी इंग्लिश विषय में हैं।



### कराना होगा रजिस्ट्रेशन

'स्वयं पोर्टल' के लिए इग्नू को नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। सीएसवीटीयू ने भी अपने वीडियो इसके अधीन ही जारी किए हैं। इग्नू की वेबसाइट के अलावा ये वीडियो सीएसवीटीयू की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेंगे। छात्रों को इन वीडियो का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। हालांकि ये पूरी तरह से निशुल्क हैं। विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने छात्रों को इसके विषय में बतलाएं, जिससे वे इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

### छात्र नहीं ले रहे दिलचस्पी

विवि के सूत्रों के मुताबिक, विद्यार्थी इंग्लिश माध्यम में ही पढ़ाई करना पसंद कर रहे हैं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी माध्यम में करने में उन्हें विशेष दिलचस्पी नहीं है। इसकी एक वजह तकनीकी क्षेत्रों से संबंधित चीजों के इंग्लिश नाम का प्रचलन है। इंग्लिश नाम प्रचलन में होने के कारण विद्यार्थियों को हिंदी में अध्ययन में अधिक दिक्कतें आती हैं। कुछ विषय ही ऐसे हैं, जिनका अध्ययन छात्र हिंदी विषय में करना पसंद कर रहे हैं।

**बिजली नियामक आयोग में दो सदस्यों के पद लंबे से हैं खाली**

# बिजली के नए टैरिफ की जनसुनवाई के लिए विधिक सलाह लेने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में बिजली का नया टैरिफ तय करने के लिए बिजली नियामक आयोग विधिक सलाह लेने की तैयारी कर रहा है। इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों का पद खाली है। बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल सितंबर 2023 में पूरा हो गया था। एक और सदस्य का कार्यकाल बीते साल जुलाई में पूरा हुआ है। अब तक दोनों पदों पर नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। नई नियुक्ति के बाद ही टैरिफ पर जनसुनवाई और नए टैरिफ का फैसला हो पाएगा।

आयोग, सदस्यों की नियुक्ति न होने की स्थिति में जनसुनवाई करने के लिए विधिक सलाह लेकर जनसुनवाई करने की तैयारी में है।

प्रदेश के बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष हेमंत वर्मा के साथ पहले लीगल सदस्य के रूप में विनोद देशमुख और तकनीकी सदस्य के रूप में सीके गुप्ता काम कर रहे थे। इनका कार्यकाल अब समाप्त हो गया है। अब तक किसी और सदस्य की नियुक्ति नहीं की गई है। बिना सदस्यों के आयोग में अब किसी भी याचिका पर भी फैसला नहीं हो सकता। ऐसे में फरवरी में होने वाली जनसुनवाई की तारीख अब तक तय नहीं हो सकी है। वैसे निकाय चुनाव की आचार संहिता के कारण भी मामला लटका था, लेकिन अब चुनाव की आचार संहिता समाप्त हो गई है। नए सदस्यों की नियुक्ति का इंतजार किया जाएगा, तो लंबा समय लग सकता है। ऐसे में आयोग विधिक सलाह लेने की तैयारी में है।

### पॉवर कंपनी की 45 सौ करोड़ घाटे की याचिका

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें 45 सौ करोड़ की कमी बताते हुए इसकी भरपाई की मांग रखी है। वैसे तो पॉवर कंपनी को नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान है, लेकिन पुराने 2023-24 के सत्र का 6130 करोड़ रुपए का अंतर है। इसमें 15 सौ करोड़ घटाने के बाद भी 45 सौ करोड़ की कमी आ रही है। इसको पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा होगा। लेकिन यह इजाफा कितना होगा, इसको नियामक आयोग तय करेगा। पॉवर कंपनी ने 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा।

# प्रशासन अकादमी, प्रशासनिक में सेटअप की कमी से कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

प्रशासन अकादमी राज्य निर्माण के बाद योग्य अनुभवी अधिकारियों के नेतृत्व में 2005 से आरंभ हुई। अकादमी में सुव्यवस्थित प्रशिक्षण अकादमिक गतिविधियों को आरंभ किया, साथ ही एक अच्छी कार्य संस्कृति विकसित की। पिछले कुछ वर्षों में अकादमी में राज्य के बाहर के एवं कम अनुभवी लोगों की पदस्थापना के बाद से अकादमी की कार्य प्रणाली एवं प्रतिबद्धता में गिरावट आई है।

- कम अनुभवी लोगों की पदस्थापना, प्रशिक्षण कार्य प्रभावित

प्रशिक्षण में वरिष्ठ एवं प्रशासन में अपनी उम्र खपा देने वाले अधिकारियों ने अकादमी से दूरी बनाना आरम्भ कर दी। ऐसे लोगों के प्रशिक्षण सत्र भी हटाए जाने लगे हैं। पिछले कुछ महीनों से महिला अधिकारियों को अलग-अलग कारणों से या तो हटा दिया गया या तो उनके कार्य दायित्व में कमी कर दी गई। एक वरिष्ठ अनुभवी महिला अधिकारी को बिना कोई सूचना दिए एवं कारण बताए पद से हटा दिया गया। इसी प्रकार एक और महिला अधिकारी को अकादमी से बाहर कर मूल विभाग में भेज दिया गया। लंबे समय से यहां कर्मचारियों की भारी कमी है। लोग रिटायर होते जा रहे हैं, किन्तु नई भर्ती, संविदा प्रतिनियुक्ति पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कर्मचारियों की अत्यधिक कमी के कारण व्यवस्था में भारी गिरावट आ गई है।

### सेटअप के विरुद्ध इतने पद रिक्त

अधिकारी वर्ग के स्वीकृत 26 पद में से 12 रिक्त हैं। वहीं कर्मचारी वर्ग के 87 पद में से 62 रिक्त हैं। ताजा मामला एक बड़े अधिकारी के कर्मचारियों के गलत काम का विरोध करने के कारण बिना नोटिस के ड्राइवर को नौकरी से हटा दिया गया। ऐसे ही चार महिला सफाई कर्मी को हटा दिया गया। महिलाओं ने राज्य के बड़े अधिकारियों एवं मुख्यमंत्री से शिकायत भी की है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411




# रात में पारा के साथ बढ़ी बेचैनी, दिन में धूप तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी में रात का पारा चढ़ने से बेचैनी महसूस हुई और दिन में धूप तेज रहा। विक्षोभ के प्रभाव से गुरुवार को अंबिकापुर के सीतापुर में तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि और जशपुर के कांसाबेल इलाके में हल्की वर्षा हुई थी।

पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव उत्तरी और दक्षिणी हिस्से में होता नजर आया है। मध्य हिस्से यानी रायपुर के मौसम में इसका बड़ा बदलाव नहीं हुआ है और अगले चौबीस घंटे भी इसी तरह की स्थिति बनी रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में रात के न्यूनतम तापमान में वृद्धि देखी गई पारा 22 डिग्री के करीब पहुंचने की वजह से रात में गर्माहट का अहसास हुआ। वहीं दिन के मौसम में कोई खास बदलाव नहीं हुआ और लोगों को दोपहर के वक्त 34 डिग्री की धूप सहन करना पड़ा। गुरुवार को उत्तरी सीमा में स्थित सीतापुर में तेज हवा के साथ काफी देर तक ओलावृष्टि हुई वहीं जशपुर के कांसाबेल सहित अन्य इलाकों में भी बारिश का प्रभाव रहा। विक्षोभ के अगले दो दिन बाद कमजोर होने की संभावना है जिसके बाद तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने के आसार हैं।

- पश्चिमी विक्षोभ का असर, बस्तर में छींटे पड़ने के आसार



### चढ़ रहा रात का तापमान

| शहर | न्यूनतम तापमान | |
|---|---|---|
| रायपुर | 21.7 | + 4 |
| बिलासपुर | 20.6 | + 3.9 |
| पेंड्रा | 15.8 | + 1.3 |
| अंबिकापुर | 13.9 | + 1.2 |
| जगदलपुर | 19.0 | + 3.3 |
| दुर्ग | 18.4 | + 1.2 |

**बिजनेस साइट**

# इनकॉन 2025: आंजनेय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**रायपुर।** आंजनेय विश्वविद्यालय में 21 से 22 फरवरी तक इनकॉन 2025 नामक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'आणविक चिकित्सा के विकास में नियामक एवं सुरक्षा संबंधी विचार : नवाचार और अनुपालन के बीच संतुलन' रखा गया है। यह सम्मेलन परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद (एईआरबी) मुंबई द्वारा प्रायोजित है और इसमें आणविक चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान तथा सुरक्षा उपायों पर दो दिनों तक विस्तृत चर्चा की जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रेणु राजगुरु ने कहा कि न्यूक्लियर मेडिसिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और उभरता हुआ क्षेत्र है, जो जटिल रोगों के निदान और उपचार में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। वहीं चांसलर अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि ऐसे संवाद और सम्मेलन नई पीढ़ी के शोधकर्ताओं को प्रेरित करते हैं और उन्हें सुरक्षित व प्रभावी चिकित्सा तकनीकों के विकास की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं।




# केंट इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स 2025 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर।** अखिल भारतीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन्स) 2025 में केंट इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस सफलता से विद्यालय का नाम रोशन हुआ है।

जेईई मेन्स 2025 में शिवम भुवाल ने 99.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पार्थ सिंघानिया ने 99 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अभ्यर्थना महापात्रा ने 98.28 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहकर विद्यालय की प्रतिष्ठा में और वृद्धि की।



# एनटीपीसी का 'इलेक्ट्रॉन क्विज 2025' 24 फरवरी को

**रायपुर।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली उपयोगिता कंपनी एनटीपीसी ने अपनी उत्कृष्टता के 50वें वर्ष का जश्न मनाने के लिए 'इलेक्ट्रॉन क्विज 2025' की घोषणा की है।

यह कार्यक्रम 1 फरवरी से 28 फरवरी तक चलने वाले एक बड़े आयोजन का हिस्सा है, जिसमें देशभर के 9 विभिन्न क्षेत्रीय स्थानों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। यह एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह प्रतिभा को बढ़ावा देने और भारत के सबसे प्रतिभाशाली दिमागों के साथ जुड़ने के लिए समर्पित है।

रायपुर के लिए क्षेत्रीय दौर 24 फरवरी को महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। इस दौर में विजेता टीम को 30 हजार रुपए, उपविजेता को 20 हजार और तृतीय आने वाली टीम को 10 हजार रुपए बतौर पुरस्कार मिलेंगे। इसके अतिरिक्त चौथे से छठवें स्थान पर आने वाली टीमों को 4 हजार रुपए सांत्वना पुरस्कार मिलेगा।

